RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही


जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 272 | website:www.Đchetnamanch.co | नोएडा, सोमवार, 23 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# चाइल्ड पोर्न देखना और डाउनलोड करना अपराध



## सुप्रीम फैसला

बाल पोर्नोग्राफी को डाउनलोड करना, फोन में रखना और देखना पॉक्सो और आईटी एक्ट के तहत अपराध है।



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों से जुड़े पोर्नोग्राफी कंटेंट के मामले में सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि इस तरह का कंटेंट देखना, प्रकाशित करना या डाउनलोड करना अपराध है। फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले को भी रद्द कर दिया, जिसमें इसे अपराध के दायरे में नहीं रखा गया था।

मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने की। कोर्ट ने केंद्र सरकार से चाइल्ड पोर्नोग्राफी की जगह 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' शब्द इस्तेमाल करने के लिए कहा।

जस्टिस जेबी पारदीवाला ने सर्व सम्मत फैसले में मद्रास हाईकोर्ट के फैसले पर कहा, आपने (मद्रास हाई कोर्ट) आदेश में गलती की है। इसलिए हम हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए मामले को वापस सेशन कोर्ट में भेजते हैं। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि बच्चों से जुड़े पोर्नोग्राफी कंटेंट को सिर्फ डाउनलोड करना या फिर देखना, POCSO एक्ट या IT कानून के तहत अपराध के दायरे में नहीं आता।


मद्रास हाईकोर्ट ने इसी आधार पर मोबाइल फोन में बच्चों से जुड़े पोर्नोग्राफी कंटेंट रखने के आरोपी शख्स के खिलाफ चल रहे केस को रद्द कर दिया था. बता दें कि मद्रास हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ बच्चों के अधिकारों के लिए काम करने वाली कई संस्थाओं ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संसद को 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द के स्थान पर 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (सीएसईएएम) शब्द रखने के उद्देश्य से POCSO में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ताकि ऐसे अपराधों की वास्तविकता को ज्यादा सटीक रूप से दर्शाया जा सके।

कोर्ट ने कहा कि इन धाराओं के तहत पुरुषों को एक्टस रीअस (दोषी कृत्य) से निर्धारित किया जाना चाहिए. यह देखा जाना चाहिए कि आइटम को किस तरह से संग्रहीत किया गया था या हटा दिया गया।

# गॉर्डन गैलेरिया मॉल में भिड़े दो पक्ष, नशे में की फायरिंग

## पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार






**नोएडा (चेतना मंच)।** एक बार फिर सेक्टर-38ए स्थित गॉर्डेन गैलेरिया विवादों में आ गया है। यहां देर रात दो गुटों में फायरिंग हो गई। जिससे क्षेत्र में दहशत मच गई। इस घटना में थाना सेक्टर-39 पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से हथियार भी बरामद किए हैं। एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना (शेष पृष्ठ-4 पर)

# किसानों की मांगों का समाधान कराया जाएगा : जयंत चौधरी

## रालोद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत



**नोएडा (चेतना मंच)।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता व शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी का भरतपुर (राजस्थान) जाते हुए जीरो प्वाइंट ग्रेटर नोएडा पर जनार्दन भाटी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस मौके जयंत चौधरी ने पर कहा कि जिले के किसानों एवं गरीब लोगों की लंबित चली आ रही समस्याओं का अधिकारियों से मिलकर उनका निस्तारण कराया जाएगा।

स्वागत समारोह में महेश आर्य, पूर्व एमएलसी एड इंद्रवीर भाटी, रविंद्र भाटी, रालोद की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती प्रियंका अत्रि, श्रीमती हेमा पाठक, हरवीर तालान, एड दानवीर सिंह, जोगिंदर सिंह तालान, निशांत भाटी, ईश्वर सिंह, राहुल भाटी, जसवीर भाटी, जितेंद्र प्रधान, वीरेंद्र मलिक, (शेष पृष्ठ-4 पर)

## केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं आतिशी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की नई सीएम आतिशी ने सोमवार से मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के लिए कुर्सी खाली है और उनका इंतजार रहेगा। सीएम आतिशी ने कहा कि आज मेरे मन में भी वही व्यथा है, जैसे भगवान राम जी के वनवास जाने पर भरत जी के मन में थी। उन्होंने भगवान राम की खड़ाऊं रखकर शासन चलाया था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ उतरे सफाईकर्मी




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यमुना विकास प्राधिकरण में ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने आज सुबह से दलित प्रेरणास्थल के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

प्रेरणा स्थल के सामने एकत्रित कर्मचारियों ने सड़क जाम कर दी है। प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों का दावा था कि इस प्रदर्शन में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, टप्पल, जेवर और अलीगढ़ से भी सफाई कर्मचारी पहुंचे हैं।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश मंत्री बबलू पार्चा ने बताया कि सफाई कर्मचारी ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। ठेकेदारी व्यवस्था के कारण सफाई कर्मचारियों का शोषण हो रहा है।

इस प्रदर्शन के कारण नोएडा के प्रमुख मार्गों पर लंबे जाम लग गया। स्थानीय निवासियों और कार्यालय जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर नोएडा पुलिस के अधिकारी भी पहुंचकर सफाई कर्मचारियों को समझाने का प्रयास कर रहे थे।

## सीढ़ियों से गिरकर बच्ची की दर्दनाक मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सलारपुर गांव में रहने वाली 3 वर्षीय बच्ची अपने घर पर सीढ़ियों से नीचे गिर गई। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने बताया कि सलारपुर कॉलोनी में रहने वाली दीक्षा पुत्री सोनू उम्र तीन वर्ष अपने घर पर खेलते समय सीढ़ियों से नीचे गिर गई। गंभीर हालत में उपचार के लिए उसके परिजनों ने नोएडा के सेक्टर-110 स्थित यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



# सेक्टर-12 में कोटेदार के घर से लाखों की चोरी



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-12 में चोरों ने एक राशन कोटेदार के घर से 1 बाइक, 4 मोबाइल, नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया।

पुलिस को दी तहरीर में एच-157 सेक्टर-12 निवासी खुर्शीद आलम ने बताया कि रात करीब 2-3 बजे के करीब चोरों ने उसके घर से 4 मोबाइल , हीरोहोंडा स्पलेंडर बाइक, 21200 रूपये नकदी तथा राशन कोटे का बैग व अन्य सामान चोरी कर लिया। जब उन्हें पता चला तो उन्होंने रात में 112 पर कॉल करके सूचना दी। दो सिपाही मेरे घर पर आये तथा उन्हें घटना के बारे में अवगत कराया।

पीड़ित ने बताया कि चोरों ने पड़ोस के पांडे के घर से 15 हजार नकदी भी चोरी कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निजी स्कूलों व अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ 'आप' ने खोला मोर्चा



## 26 सितंबर से तीन दिवसीय अनशन शुरू

**नोएडा (चेतना मंच)।** निजी स्कूलों तथा अस्पतालों की लूट एवं मनमानी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने बिगुल फूंक दिया है। 26 सितंबर से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इसके खिलाफ तीन दिवसीय अनशन शुरू करेंगे। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने दी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** खोड़ा कॉलोनी में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उसे उपचार के लिए नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने बताया कि सुमन 27 वर्ष पत्नी सूरज खोड़ा कॉलोनी में रहती थी। उसे गंभीर हालत में उसके ससुराल वालो ने आज उपचार के लिए नोएडा के फॉर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, (शेष पृष्ठ-4 पर)

## दबंगों ने तोड़ डाली प्लॉट की चारदीवारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना नॉलेज पार्क में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 7 लोगों ने उसके प्लांट की चार दिवारी को तोड़ दी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने बताया कि बीती रात को अमरेंद्र कुमार सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुलावली गांव में उसका 1200 गज का प्लॉट है। उक्त प्लाट पर तहसीलदार ने बाउंड्री करवाई है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 11 हज़ार व्यापारी भाजपा के सदस्य बने

## अब 51 हजार सदस्य बनाने का संकल्प : विकास जैन



**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में 11 हज़ार सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा कर लिया है। अब 51 हजार सदस्य बनाने का संकल्प पूरा किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि वेडिंग विला सेक्टर-51 में प्रदेश पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर सामूहिक रूप से भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में (शेष पृष्ठ-4 पर)

## सेक्टर-144 में 'नोएडा आपके द्वार'

# प्राधिकरण अफसरों ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन




**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-144 में प्राधिकरण अधिकारियों के समक्ष नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिसमें नोएडा प्राधिकरण से अनिल कुमार(S.M सिविल), कपिल (S.M जल व सीवर), रोहित सिंह (A.P सिविल), राहुल कुमार (A.P), अरुण वर्मा (J.E सिविल), राकेश भाटी (J.E हेल्थ), अंकित शेखर (सहायक निदेशक हॉल्टिकल्चरल), अशोक कुमार (J.E जल सीवर) तथा आरडब्ल्यूए पदाधिकारी एवं सेक्टरवासी मौजूद थे।

प्रमुख समस्याओं में सीवेज की समस्या, नालियों का जाम होना, सेक्टर की चार दिवारी, पार्कों की अनदेखी की समस्या इत्यादि व अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी शामिल थी। सेक्टर के सभी निवासी इस अवसर पर उपस्थित थे, और उन्होंने अपनी परेशानियों को खुलकर साझा किया।

इस मौके पर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-144 नोएडा के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। आरडब्ल्यूए महासचिव भगतसिंह तोंगड ने वार्ता का संचालन किया।

इस मौके पर आरडब्ल्यूए की संरक्षक श्रीमति नम्रता नारायण, अध्यक्ष संजय चौहान, उपाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, महासचिव भगतसिंह तोंगड, सह सचिव सत्यपाल सिंह, कोषाध्यक्ष अतुल भारद्वाज, सदस्य निशु, सदस्य सोनू मौजूद थे।

अधिकारियों ने निवासियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

# 25 को 732 बूथों पर चलेगा भाजपा का सदस्यता अभियान : उमेश त्यागी



**नोएडा (चेतना मंच)।** 25 सितंबर को पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर नोएडा के 732 बूथों पर व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री एवं सदस्यता अभियान के प्रभारी उमेश त्यागी ने दी।

श्री त्यागी ने बताया कि 25 सितंबर को हर बूथ को 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इस हिसाब से 7 हजार से अधिक सदस्य बनाए जाएंगे। भाजपा के प्रत्येक पदाधिकारी की हर बूथ की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके अलावा बूथ अध्यक्ष प्रभारी व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहकर सदस्यता अभियान चलाएंगे।

भाजपा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि अब तक 60 हजार से अधिक सदस्यों को भाजपा से जोड़ लिया गया है। 5 सितंबर से यह अभियान लगातार चल रहा है। इस बार नोएडा महानगर में 2.5 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले सदस्यों की संख्या 1.5 लाख थी।

## लोकतंत्र में आस्था

जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने के उपरांत एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का उत्साह बताता है कि लोगों की लोकतंत्र में गहरी आस्था बरकरार है। पहले चरण में 24 सीटों के लिये हुए शांतिपूर्ण मतदान ने उम्मीद जगायी है कि शेष चरणों में भी यह उत्साह कायम रहेगा। हाल के दिनों में जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों की शृंखला ने शांतिपूर्ण मतदान को लेकर संशय पैदा कर दिया था। लेकिन चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन व नेताओं द्वारा जनता को जागरूक करने का सकारात्मक प्रतिसाद मिला है। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कुछ शिकवे-शिकायतों के बावजूद कश्मीर का जनमानस शांति व लोकतंत्र में विश्वास रखता है। बहुत सालों बाद कश्मीर में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दी। ऐसा ही उत्साह हालिया लोकसभा चुनाव में दिखा था जब पिछले साढ़े तीन दशकों के मतदान का रिकॉर्ड टूटा था। इस बार का साठ फीसदी मतदान इसी कड़ी का विस्तार कहा जा सकता है। निश्चित रूप से इन चुनावों को ऐतिहासिक कहा जा सकता है। साथ ही यह उन विदेशी ताकतों को करारा जवाब है जो कश्मीर के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण अपने निहित स्वार्थों के लिये करते रहे हैं। बहरहाल, साबित हुआ कि देश के अन्य भागों की तरह ही कश्मीर के लोग भी शांति व सुशासन चाहते हैं। वे भी महंगाई व बेरोजगारी से निजात चाहते हैं। इस चुनाव में उन्होंने अलगाववादियों को दरकिनार करके मतदान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बावजूद अनुच्छेद 370 हटाने व राज्य का दर्जा खत्म किये जाने के मुद्दे से बहुत लोग सहमत नहीं थे। कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने को लेकर भी लोगों की राय में विभाजन देखा गया है। कतिपय राजनीतिक दलों के साथ ही कुछ लोगों ने अनुच्छेद 370 की वापसी व राज्यत्व बहाली के मुद्दे को तरजीह दी। बहरहाल, कुछ मुद्दों पर असंतोष के बावजूद लोगों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की है। विचारों में यह असहमति लोकतंत्र की खूबसूरती भी है। बहरहाल, राजनीतिक दल विशेष के एजेंडे के इतर हमें स्वीकार करना चाहिए कि भारत एक ऐसा गुलदस्ता है, जिसमें विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों के लोगों की हिस्सेदारी रही है। किसी राज्य का विशेष स्वरूप देश-काल व परिस्थितियों के अनुरूप भी तय किया जाता रहा है। वो समय की जरूरत रही है। शेष देश को किसी भी राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक व विशिष्ट स्वरूप का सम्मान करना चाहिए। बहुत संभव है किसी क्षेत्र विशेष की सोच का साम्य शेष देश के मिजाज व जरूरतों से भिन्न हो। लेकिन यही विविधता किसी लोकतंत्र की खूबसूरती है और उसका सम्मान किया भी जाना चाहिए। हमें नहीं भूलना चाहिए कि घाटी के लोगों की आकांक्षाओं की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद लोकतंत्र में गहरी आस्था मजबूत हुई है। वहीं ध्यान रखना चाहिए कि भविष्य में बहुसंख्यक कश्मीरी समुदायों के हितों के साथ अल्पसंख्यक कश्मीरी ब्राह्मणों के हितों का संरक्षण भी किया जाए। जिन्हें कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा प्रमुख मुद्दा बनाये जाने के बाद भी न्याय नहीं मिला। उम्मीद करें कि विधानसभा चुनाव के बाद जब राज्य में चुनी हुई सरकार अस्तित्व में आए तो राज्य का दर्जा वापसी के बाद रोजगार व विकास के मुद्दों को प्राथमिकता मिले। इस संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में शांति देश के हित में है। जिसके लिये केंद्र से पर्याप्त सहयोग अपेक्षित है। निस्संदेह, राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय हितों को दलीय हितों से ऊपर रखना चाहिए। चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें बताती हैं कि राज्य के लोग शांति व लोकतांत्रिक व्यवस्था के पक्ष में हैं। यह सुखद ही है कि ये चुनाव राज्य में चुनाव बहिष्कार की धमकियों व चेतावनियों से मुक्त शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए हैं। मतदाताओं ने ऐसी किसी भी आवाज को तरजीह नहीं दी है। उम्मीद करें कि ये चुनाव आतंकवाद के खात्मे के लिये निर्णायक जनादेश लेकर आएं। ताकि राज्य कालांतर अलगाववादी सोच का खात्मा करने में सहायक साबित हो सके। एक बार फिर साबित हुआ है कि लोकतंत्र जनता की सक्रिय भागीदारी से ही महकता है। निश्चित रूप से कश्मीर के लोगों की यह जागरूकता राज्य में विकास की आधारभूमि को मजबूत करेगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ज्ञानी मुनि, योगी और सिद्ध निरंतर निर्मल चित्त से जिनका ध्यान करते हैं तथा वेद, पुराण और शास्त्र 'नेति-नेति' कहकर जिनकी कीर्ति गाते हैं, उन्हीं सर्वव्यापक, समस्त ब्रह्मांडों के स्वामी, मायापति, नित्य परम स्वतंत्र, ब्रह्मा रूप भगवान श्री रामजी ने अपने भक्तों के हित के लिए ( अपनी इच्छा से ) रघुकुल के मणिरूप में अवतार लिया है। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**लाग न उर उपदेसु जदपि कहेउ सिवँ बार बहु।**
**बोले बिहसि महेसु हरिमाया बलु जानि जियँ॥**

यद्यपि शिवजी ने बहुत बार समझाया, फिर भी सतीजी के हृदय में उनका उपदेश नहीं बैठा। तब महादेवजी मन में भगवान की माया का बल जानकर मुस्कुराते हुए बोले- ॥

**जौं तुम्हरें मन अति संदेहू। तौ किन जाइ परीछा लेहू॥**
**तब लगि बैठ अहउँ बटछाहीं। जब लगि तुम्ह ऐहहु मोहि पाहीं॥**

जो तुम्हारे मन में बहुत संदेह है तो तुम जाकर परीक्षा क्यों नहीं लेती? जब तक तुम मेरे पास लौट आओगी तब तक मैं इसी बड़ की छाँह में बैठा हूँ॥

**जैसें जाइ मोह भ्रम भारी। करेहु सो जतनु बिबेक बिचारी॥**
**चलीं सती सिव आयसु पाई। करहिं बेचारु करौं का भाई॥**

जिस प्रकार तुम्हारा यह अज्ञानजनित भारी भ्रम दूर हो, (भली-भाँति) विवेक के द्वारा सोच-समझकर तुम वही करना। शिवजी की आज्ञा पाकर सती चलीं और मन में सोचने लगीं कि भाई! क्या करूँ (कैसे परीक्षा लूँ)?॥

( क्रमशः.. )

# यौन हिंसा की सोच के खिलाफ चले मुहिम

एक महीने से अधिक हो चला जब कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना हुई थी। इस किस्म के जघन्य कांड ने , वह भी एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के अंदर, कोलकाता शहर या यूं कहें कि संपूर्ण पश्चिम बंगाल को झकझोर कर रख दिया। कोई हैरानी नहीं कि युवा डॉक्टर, छात्र, आम महिला-पुरुष और सांस्कृतिक अभिजात्य वर्ग, इनके स्वतःस्फूर्त सामाजिक आंदोलन ने काफी 'लोकप्रिय' रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हिलाकर रख दिया है। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और आरोपियों की राजनीतिक पहुंच की कहानियां, प्रशिक्षु डॉक्टरों की सुरक्षा और सम्मान को खतरे का मुद्दा उजागर हुआ। बात जब निष्पक्ष जांच की आई तो राज्य सरकार पर भरोसे की कमी देखी गई। मुख्यमंत्री के लिए इस 'वैधता संकट' से उबरना आसान नहीं होगा।



हमने इस आंदोलन के सकारात्मक पहलुओं पर भी गौर किया है – प्रशिक्षु डॉक्टरों का अपनी समस्याओं के लिए लड़ने पर दृढ़ निश्चयी होकर डटे रहना और विरोध करने का उत्सव सरीखा स्वरूप, जिसमें आम नागरिक सड़कों पर उतर रहे थे, देर रात तक सार्वजनिक स्थानों पर जमे रहकर 'न्याय' के गीत गा रहे थे। इसके अलावा, इस जनांदोलन को मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के सीधे प्रभाव से बचाने का प्रयास संभवतः दर्शाता है कि 'राजनीति' विशेषकर, जिस किस्म की पेशेवर राजनेता कर रहे हैं, इसने हमारे वक्त में अपने लिए एक बुरा अर्थ अर्जित कर लिया है।

हालांकि, तथ्य यह भी है कि इस किस्म के आंदोलन ज्यादा लंबा खिंचते नहीं। सीबीआई अपने निष्कर्षों को उजागर करेगी, सुप्रीम कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी, राज्य सरकार ने डॉक्टरों से समझौता किया, दोषियों को दंडित किया जाएगा, और कुछ -जिनमें मुख्यमंत्री भी शामिल हैंङ्क अपराधी को मृत्युदंड देने का शोर मचाएंगे। फिर, सब कुछ पहले की भांति 'सामान्य' हो जाएगा! संभवतः, जो युवा डॉक्टर जो आज विरोध कर रहे थे, इनमें कुछ ऐसे होंगे जो 'सांसारिक' चीजों को अधिक प्राथमिकता देना शुरू कर देंगे, और आखिरकार किसी कॉर्पोरेट या निजी अस्पतालों का हिस्सा बनकर अपने अमीर ग्राहकों को एक वस्तु के रूप में 'अच्छा स्वास्थ्य' बेचते नज़र आयेंगे। और कोलकाता की गलियों में मुक्ति के गीत गाने वाला सांस्कृतिक अभिजात्य वर्ग भी अपने अनन्य कार्यक्षेत्रों में वापस रम जाएगा। इस बीच, हम बलात्कार की एक और कहानी के बारे में सुनेंगेज् मत भूलें कि हमने अपने समाज में यौन हिंसा को लगभग रोजाना की सामान्य घटना बना डाला है।

वार्षिक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, 2017 से 2022 के बीच, भारत में कुल 1.89 लाख बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। लेकिन वर्गों में बंटे और जाति-केंद्रित समाज से पीड़िता की परवाह की आस कौन करे, विशेष तौर पर यदि वह महिला एक वंचित समाज से, कोई घरेलू सहायिका या फिर किसी गुमनाम गांव की स्कूली छात्रा हो। तब कोई सामाजिक आंदोलन नहीं होगा, न ही कोई कोलकाता या दिल्ली की गलियों में लैंगिक न्याय के गीत गाएगा।

वास्तव में यदि हम इस सड़ांध का विरोध और यौन हिंसा के वायरस से यथोचित रूप से मुक्ति हेतु एक समझदार समाज की ओर बढ़ने की कोशिश करना चाहते हैं, तो हमें 'विषाक्त मर्दानगी' नामक विकृति का मुकाबला करने के लिए एक और आंदोलन में हिस्सा लेने की जरूरत होगी- मानसिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक। खैर, हमारे परिवारों में, लड़के इस मान्यता के साथ बड़े होते हैं कि उन्हें दबंग, सख्त और बहादुर होना चाहिए। हालांकि, 'विषाक्त मर्दानगी' का जीवन को पुष्टि देने वाले गुण जैसे कि साहस, आत्मविश्वास और आंतरिक शक्ति से कोई लेना-देना नहीं है। इसके बजाय, यह दूसरों को नुकसान पहुंचाने में परपीड़क आनंद पाने वाली है। जिसमें सहानुभूति और देखभाल नदारद हैं। यह हिंसा का महिमामंडन करती है और यौन आक्रामकता को बढ़ावा देती है।

जैसा कि सामाजिक मनोवैज्ञानिक समझाते हैं, यह 'सामाजिक रूप से प्रतिगामी मर्दानगी का स्वरूप' है जिससे ग्रस्त व्यक्ति दूसरे पर हावी होने की ललक, स्त्री-सम्मान का जरा मोलन समझना, समलैंगिकता-विरोध और बेतहाशा हिंसा का चाव रखता है। 'विषाक्त पुरुषत्व' के ज़हर के बिना बलात्कार की कल्पना तक करना मुश्किल हैङ्क महिला को महज एक वस्तु के रूप में लेने का अंतिम तरीका या यौन सुख की खातिर एक निष्प्राण खिलौने में बदलना। यहां यह समझना महत्वपूर्ण है कि 'विषाक्त पुरुषत्व' के मनोविज्ञान को अक्सर युद्ध, सैन्यवाद, अति-राष्ट्रवाद, अश्लील स्वरूप वाले प्रतिस्पर्धी 'मर्दाना' खेल और विभाजनकारी सांप्रदायिकता में आनंद बनाने के माध्यम से उभारा एवं प्रोत्साहित किया जाता है।

हां, यह भी एक तथ्य है कि संपूर्ण इतिहास में अक्सर यौन हिंसा का उपयोग दुश्मन के लोगों को अपमानित करने, वश में लाने और आतंकित करने के लिए एक हथियार के रूप में बरतने का वर्णन है। उदाहरणार्थ, जैसा कि कई शोधों का भी निष्कर्ष है, बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन के दौरान पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा 200,000 से 400,000 स्थानीय महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया था। भारत-पाक विभाजन और उसके परिणामस्वरूप सांप्रदायिक घृणा पर एक गहरी नज़र डालने से पता चलता है कि सीमा के दोनों ओर महिलाओं का यौन उत्पीड़न हुआ था।

इसी तरह, प्रचलित संस्कृति उद्योग पूरी तरह से स्त्री-द्वेषी सोच से मुक्त नहीं है। पोर्न साहित्य का व्यापक प्रसार, जिसमें महिलाओं का वस्तुकरण, और तात्कालिक यौन सुख की इच्छा से मदमस्त क्रूर पुरुषत्व का महिमामंडन किया जाता है। निस्संदेह, महिलाओं के निरंतर अपमान और अवमानना जारी रहने के कई कारण हैं। इसलिए, कोई हैरानी नहीं है कि 'एनिमल' जैसी फिल्म 2023 की सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों में एक रही, भले ही स्त्री-द्वेष एवं 'विषाक्त मर्दानगी' और अत्यधिक हिंसा के चित्रण के लिए इसकी कड़ी आलोचना की गई हो। तभी तो शोर-शराबा पसंद युवाओं कोङ्क यहां तक कि हमारे स्कूल-कॉलेजों मेंङ्क 'मैं हूं बलात्कारी' जैसे लचर गीतों पर झूमते देखना मुश्किल नहीं हैं।

वास्तव में, 'विषाक्त पुरुषत्व' विकृति का मुकाबला करना कोई आसान काम नहीं है। इसके लिए एक सतत आंदोलन की आवश्यकता है- संभवतः, हमारे स्कूलों और परिवारों में एक मौन आंदोलन की। इस मुहिम को बढ़ावा देने के लिए हमें समाजीकरण और शिक्षा के एक क्रांतिकारी सतत अभ्यास की जरूरत होगी। हमें यह धारणा छोड़नी पड़ेगी कि 'लड़के तो लड़के ही होते हैं'। इसके बजाय, लड़कों को सीखना और आत्मसात करना होगा कि एक आक्रामक/पितृसत्तात्मक व्यवस्था के विपरीत समाज में 'स्त्री', यहां तक कि 'स्त्रीत्व' गुणों, सहानुभूति और देखभाल की नैतिकता, संवेदनशीलता और दयालुता जैसे गुणों का संवर्धन कैसे करना है। इसी तरह, बचपन से ही लड़कियों को यह सिखाना शुरू कर दें कि वे महज 'गुड़िया' नहीं हैं, इसकी बजाय, वे शारीरिक रूप से मजबूत, साहसी और अपने जीवन पथ को आकार देने में सक्षम हैं। तभी लैंगिक समानता और वास्तविक न्याय के बारे में सोचना संभव होगा। क्या हम इसके लिए तैयार हैं?

**-अविजीत पाठक**

## एक देश एक चुनाव-लाभ अनेक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में राष्ट्रहित के संकल्पों को पूर्ण करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहे हैं, इसी कड़ी के अंतर्गत उन्होंने बहु प्रतीक्षित एक देश-एक चुनाव का संकल्प पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण पहल कर दी है। लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर मोदी कैबिनेट ने, एक देश एक चुनाव पर उठ रहे प्रश्नों पर विराम लगा दिया है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से अपना सन्देश देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक देश एक चुनाव पर आगे बढ़ने के संकेत दिये थे और अब कैबिनेट ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समिति की अनुशंसा को मंजूरी प्रदान कर दी है।

एक देश एक चुनाव, परिकल्पना को कैबिनेट की मंजूरी प्राप्त हो जाने के बाद राजनैतिक दलों के बीच सहमति बनाने की जिम्मेदारी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, किरन रिजिजू व कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को दी गई है। एक देश एक चुनाव को लेकर गठित समिति ने इस विषय पर सभी प्रमुख राजनैतिक दलों से विचार विमर्श किया था जिनमें 32 राजनैतिक दल इसके समर्थन में और 15 विरोध में थे। अब इस बात की प्रबल संभावना बन गई है कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में इस हेतु आवश्यक संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किये जाएंगे और ऐसा माना जा रहा है कि सरकार ने इन सभी विधेयको को पारित करवाने के लिए प्रबंध भी लगभग कर लिया है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में वर्ष 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं उस समय संपूर्ण भरत मे कांग्रेस व उसके समर्थित दलों की सरकारें ही राज्य विधानसभाओं में हुआ करती थीं। चुनाव आयोग ने वर्ष 1982 में फिर उसके बाद जस्टिस बी. बी. जीवन की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश की थी। वर्ष 2018 में जस्टिस बी एस चौहान की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक ड्राफ्ट रिपोर्ट में एक साथ चुनाव की बात करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 83, 85,172, 174 और 356 में संशोधन करने होंगे। वर्ष 2015 में संसद की स्थायी समिति ने भी दो चरणों में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव कराने की सिफारिश की थी।

राजनैतिक दृष्टिकोण से यह बहुत ही हैरान करने वाली बात है कि कांग्रेस पूर्वज पहले तो एक देश एक चुनाव का समर्थन कर रहे थे किंतु जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाया है और उसे लागू करने के लिए पूर्णता की ओर बढ़ रही है तब से कांग्रेस व उसके सहयोगी दल जिन्होंने इंडी गठबंधन बनाया है एक देश एक चुनाव की व्यवस्था का विरोध करने लगे हैं। सभी राजनैतिक दलों का मानना है कि भारत में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक तथा असंभव है। कई नेता इसे प्रधानमंत्री व भाजपा सरकार का मात्र एक शिगूफा कह रहे हैं। एक देश एक चुनाव की नीति का क्षेत्रीय दलों द्वारा विरोध किए जाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि उन्हें आशंका है कि भारत में यह प्रणाली लागू हो जाने के बाद उनका अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। भारत में कई दलों का अस्तित्व बार बार होने वाले चुनावों के कारण ही संभव है।

*एक देश एक चुनाव की नीति का क्षेत्रीय दलों द्वारा विरोध किए जाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि उन्हें आशंका है कि भारत में यह प्रणाली लागू हो जाने के बाद उनका अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। भारत में कई दलों का अस्तित्व बार बार होने वाले चुनावों के कारण ही संभव है।*

वर्ष 1967 के बाद कतिपय राजनैतिक कारणों से कई विधानसभाओं को भंग करना पड़ा और फिर बीच में लम्बे समय तक केंद्र व राज्यों की राजनीति में अस्थिरता का वातावरण रहा। वर्तमान समय में भारत में दो लोकसभा चुनावों के बीच पांच सालों में कहीं न कहीं विधानसभा चुनाव होते रहते हैं जिसके कारण बार-बार आचार संहिता लगती है और जनहित व विकास के कार्यक्रम प्रभावित होते हैं। भारत में नगर निगम, नगर निकाय और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी हर वर्ष, हर माह कहीं न कहीं होते ही रहते हैं और बीच-बीच में उपचुनाव भी आते रहते हैं और विकास कार्यों को बाधित करते हैं।

बार-बार चुनाव होने के कारण राजनैतिक दलों व नेताओं का खर्च भी भी बहुत बढ़ा रहता है जिसके कारण आर्थिक भ्रष्टाचार को बल मिल मिलता है। राजनैतिक दलों के नेता व उनके सामर्थक अपने समाज व मतदाताओ को लुभाने के लिए अनाप-शनाप बयानबाजी करते हैं जिसके कारण सामाजिक वातावरण दूषित होता है। धार्मिक वैमनस्यता भी गहराती है।

बार-बार चुनाव होने के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होती है जिसके कारण सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने में समस्या आती है। यदि देश में एक ही बार में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराये जायें तो आदर्श आचार संहिता कुछ ही समय तक लागू रहेगी। एक देश एक चुनाव की व्यवस्था लागू हो जाने के बाद चुनावों में होने वाले भारी खर्च में कमी आयेगी। इससे काले धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में सहायता मिलेगी। एक साथ चुनाव कराने से सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षाबलों को बार-बार चुनावी ड्यूटी पर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। देश में एक साथ चुनाव कराये जाने से देश की जीडीपी में लगभग 1.5 प्रतिशत वृद्धि का भी अनुमान लगाया जा रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मत है कि 'एक देश एक चुनाव से' सरकारें सही मायने में कम से कम साढ़े चार वर्ष विकास कार्य करा पायेंगी। अभी लगातार अलग-अलग होने वाले चुनावों और आचार संहिता के कारण सरकारों के हाथ 12-15 महीने बंधे रहते हैं।

एक देश-एक चुनाव पर रामनाथ कोविंद समिति ने कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं जिसके अंतर्गत यह योजना देश में दो चरणों में लागू की जायेगी। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव करायें जायें और दूसरे चरण में नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव कराये जायें लेकिन इन्हें पहले चरण के 100 दिन के भीतर ही कराया जाये। लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होते ही राज्यों की विधानसभा का चुनाव कराया जाये अगर किसी विधानसभा का चुनाव अपरिहार्य कारणों से एक साथ नहीं हो पाता है तो बाद की तिथि में होगा किंतु कार्यकाल उसी दिन समाप्त होगा। यदि किसी राज्य की विधानसभा बीच में ही भंग हो जाती है तो नया चुनाव विधानसभा के बाकी के कार्यकाल के लिए ही कराया जाये। सभी चुनावों के लिए एक समान मतदाता सूची तैयार की जाये। इसे अमल में लाने के लिए एक कार्यान्व्यिन समूह का गठन किया जाये। कोविंद समिति ने 18 संविधान संशोधनों की सिफारिश भी की है जिसमें से अधिकांश में राज्य विधानसभाओं के अनुमोदन की जरूरत नहीं होगी जबकि समान मतदाता सूची और समान मतदाता पहचान पत्र से जुड़े कुछ प्रस्तावित बदलावों के लिए आधे राज्यों द्वारा अनुमोदन की जरूरत होगी। मोदी सरकार का दावा है कि समिति की परामर्श प्रक्रिया के दौरान 80 प्रतिशत युवा एक देश व एक चुनाव का समर्थन किया था।

वर्तमान में विपक्ष केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी नीतियों का विरोध करने के लिए ही एक देश-एक चुनाव को लोकतंत्र व संविधान विरोधी बता रहा है जबकि वास्तविकता यह है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1951 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते ही रहे हैं और तब कांग्रेस का ही युग था अतः कांग्रेस को यह भी स्पष्ट करना होगा कि तब देश में क्या संविधान विरोधी सरकार चल रही थी? उचित तो यही है की सभी विरोधी दलों को एक साथ आकर उन विषयों का समर्थन करना चाहिए जो एक राष्ट्र के रूप में भारत के हित में है और जो भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ने में सहायक हैं।

**- मृत्युंजय दीक्षित**

## राशिफल

**आश्विन कृष्ण पक्ष : षष्टी**

**(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार बहुत अच्छा। धन का आवक बना रहेगा। कुटुंब में वृद्धि होगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
बहुत ही अच्छी ऊर्जा का संचार होगा। समाज में सराहे जाएंगे। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। आकर्षण के प्रतिक बने रहेंगे।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता रहेगी। मन परेशान रहेगा। फिर भी अच्छे निर्णय लेंगे। विषम परिस्थितियों में अच्छा काम करेंगे।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आय के कुछ नए स्तोत्र बन सकते हैं। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। यात्रा का योग बनेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कार्ट-कचहरी में विजय। राजनीतिक लाभ। पिता का साथ। व्यापारिक विस्तार। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य में बढ़ोतरी। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। यात्रा का सहयोग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कार्यों में विघ्न-बाधा बनेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति भी मध्यम रहेगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात हो सकती है। बच्चों की स्थिति बहुत अच्छी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु भी मित्रवत हो जाएंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
लिखने-पढ़ने के लिए बहुत अच्छा समय। विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय। प्रेम के लिए अच्छा समय।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
अगर भौतिक सुख-संपदा से संबंधित कोई खरीदारी करनी है तो शुभ समय है। खरीदारी करें। स्वास्थ्य अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक विस्तार संभव है। अपनों का साथ संभव है। स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार। प्रेम, संतान बहुत अच्छा।

# भाकियू की महापंचायत को लेकर जनसमर्पक



ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )। भारतीय किसान यूनियन (बलराज) बलराज के नेतृत्व में पैरामाउंट बिल्डर के तानाशाह रवैए और उसके द्वारा किये गए अवैध निर्माणों को लेकर पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सोसायटी निवासियों का पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट मार्केटिंग आफिस गेट पर 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन लगातार जारी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी का कहना है कि एक माह बीतने के बाद भी कोई समाधान नही निकला क्यों कि पैरामाउंट बिल्डर और यूपीएसआईडीसी के आर एम अनिल कुमार की मिलीभगत से अवैध निर्माण कर अरबों रुपए का घोटाला हुआ है और जिला प्रशासन आँख बन्द करके बैठा है।

25 सितम्बर को धरनास्थल पर विशाल महापंचायत बुलाई है जिसकी पूर्ण रूप से तैयारी हो गई है महापंचायत की तैयारी की जानकरी प्राप्त करने के लिए रविवार को भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय कैम्प कार्यालय कैमराला चक्रसैनपुर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की सभी कार्यकर्ताओ ने बताया कि महापंचायत की तैयारी पूरी जोर-शोर की गई है और 25 सितम्बर को हजारों की तादाद मै कार्यकर्ता पहुंचेगें और आर पार की लडाई लडेंगें राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि सहयोगी किसान संगठनों से भी बात हो गई है जो पूरे दलबल के साथ महापंचायत में पहुंच रहे है। संगठन की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल ने कहा कि सैकड़ों की संख्या मै संगठन की महिला कार्यकर्ता महापंचायत मै विभिन्न विभिन्न जिलों से पहुंच रही है।

इस अवसर पर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट विजय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रोहित भाटी, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बाबा रगींलाल भाटी, प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी, यूथ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विपिन खारी, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र खारी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संदीप भाटी, प्रदेश संगठन मन्त्री डॉ संजीव भाटी, महानगर अध्यक्ष योगेश वैष्णव, पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव सोनू खारी, प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष नागर, प्रदेश महासचिव संदीप, पश्चिमी उत्तर प्रदेश सचिव अभिषेक सिंह ,पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष बोबी नागर जिलाध्यक्ष रामबीर भाटी, जिलाध्यक्ष मुरादाबाद फहीम मंसूरी, जिला महासचिव विनित शर्मा, जिला महासचिव गजेन्द्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष अनिल भाटी, जिला संगठन मन्त्री राजू सिंह, दादरी तहसील अध्यक्ष सोविदंर भाटी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक ने किया जलभराव की समस्या का समाधान के लिए सर्वेक्षण



ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )। दादरी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम तिलपता और सूरजपुर में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई। दादरी विधानसभा के विधायक तेजपाल नागर के निरंतर प्रयास से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों और चेन्नई से आए विशेषज्ञों की एक टीम ने मिलकर इन गांवों का सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण गांवों में पानी की निकासी और जल प्रबंधन को सुधारने के उद्देश्य से किया गया, जो कि स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य जलभराव की समस्या के कारणों को समझना और इसका स्थायी समाधान निकालना है, ताकि बरसात के मौसम में यहां के निवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। दादरी विधायक ने बताया कि इस पहल से गांवों के समग्र विकास की दिशा में एक नई राह खुल सकती है।

# पर्यावरण संरक्षण की टीम ने जिम्स हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।



कासना स्थित जिम्स हॉस्पिटल का पर्यावरण संरक्षण समिति की टीम निरीक्षण किया। निरीक्षण में खामिया मिली। कासना जिम्स जैसी बड़ी अस्पताल में स्वच्छता नही रखने पर पर्यावरण पर भी प्रभाव पड़ता है। और आस-पास के वातावरण की वायु भी दूषित होती है, जिससे हमे शुद्ध ऑक्सीजन नही मिलती है, जिसके कारण भी हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसी स्वच्छता अभियान के चलते घरो में शौचालय भी बनवाए जिसके चलते शौच से होने वाली बिमारियों पर भी नियंत्रण हो पाए.स्वच्छ भारत अभियान शुरू करने का उद्देश्य सामुदायिक शौचालय के निर्माण से शौच की होने वाली गन्दगी पर नियंत्रण पाना था, जिससे हर व्यक्ति का स्वास्थ्य ठीक रहे।

# सदस्यता अभियान एक महापर्व है : कुशवाहा



ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को पार्टी कार्यकर्ता और तेज गति दें। यह बात भाजपा नेता डा. दीपक कुशवाहा ने कही है। उन्होंने कहा कि यह सदस्यता अभियान महापर्व है इस महाप्रभु को सफलतापूर्वक मनाने का काम कार्यकर्ता करें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की नंबर वन पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता इस महापर्व में अपने हिस्सेदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा सभी कार्यकर्ता लगकर गौतम बुद्ध नगर जिले को प्रदेश में नंबर वन बनाने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान की सफलता से हम सभी का मान सम्मान बढ़ेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित सचित्र फोटो प्रदर्शनी का किया शुभारंभ




ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )। ज़िला मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित सचित्र जीवनी का शुभारंभ। नॉर्थलैंड स्कूल चिठेडा दादरी में हुआ सचित्र जीवनी का शुभारंभ जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी फीता काटकर किया। भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने सचित्र जीवनी के शुभारंभ पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाल्य अवस्था के संघर्ष और राजनीति के शिखर तक की सारी कहानी सचित्रों के साथ इस सचित्र जीवनी प्रदर्शनी में देखने को मिलेगी। और उन्होंने प्रदर्शनी को देखने के लिये ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को देखने का आवाहन कर भाजपा के सदस्य बनने के लिये 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके ज़्यादा से ज़्यादा सदस्यता लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर मुख्यरूप से ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र भाटी सेवा पखवाड़ा अभियान संयोजक दीपक भारद्वाज सह संयोजक रवि जिंदल इंद्रजीत टाइगर कर्मवीर आर्य राजीव सिंघल संजय भाटी भिखारी सिंह नरेंद्र शर्मा दिनेश भाटी संगीता रावल जयवीर सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दहेज एक अभिशाप है : प्रधान




ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )। पथिक शोध संस्थान में गुर्जर आर्ट एंड कल्चर परिचर्चा में विचार व्यक्त करते हुए हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष चैनपाल प्रधान ने कहा की जैसे हमने अपने बेटे की शादी में 21 बारातियों के साथ संपन्न की समाज के लोग भी मिसाल पेश करें। ताकि फिजूल खर्ची और दहेज पर रोक लगे गुर्जर समाज के उत्थान में समाज के सैकड़ो बुद्धिजीवियों ने विचार रखें समाजसेवी चैनपाल प्रधान ने कहा कि दहेज की व्यवस्था दुल्हन को अपने नए परिवार की सुरक्षा के लिए की गई थी जहां वह शादी करके जाती है लेकिन समय के साथ लोगों ने अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए इसका अर्थ बदल दिया है। आइए हम सभी इस घृणित सामाजिक प्रथा को समाप्त करने और अपनी बेटियों और उनके उज्ज्वल भविष्य की रक्षा के लिए प्रयास करें।

# समाजवादी महिला सभा ने चलाया सदस्यता अभियान

जहांगीरपुर ( चेतना मंच )। समाजवादी महिला सभा द्वारा महिला सभा की जिलाध्यक्ष डॉ शशि यादव के नेतृत्व में कस्बा जहांगीरपुर में एक सदस्यता भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों महिलाओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी मौजूद रहे। सदस्यता भर्ती अभियान में महिला नेत्री रुकसार खान व शादाब सलमानी, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व की केंद्र और राज्य सरकार में पूरी तरह से महिला विरोधी है और महिलाओं का हक छीनने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में महिलाओं और बेटियों के हित के लिए कन्या विद्या धन, समाजवादी पेंशन जैसी अनेक महत्वपूर्ण योजनाऐ चलाई थी, जिसका लाभ सभी वर्गों की महिला और बेटियों को मिला था।

इस मौके पर समाजवादी महिला की जिलाध्यक्ष डॉ शशि यादव ने कहा कि भाजपा शासन काल में सबसे अधिक अत्याचार महिलाओं पर हुए हैं। देश और प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। भाजपा सरकार महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हुई है।

इस मौके पर मुख्य रूप से नरेंद्र नागर, जाने आलम नूरी, गौरा जाटव, खुशी यादव, अमित रौनी, इसराइल कुरैशी, कुलदीप भाटी, सितारा, शब्बो, दयाराम शास्त्री, रजिया, शमीम, मुकेश्री, आशम, निज़ाम मलिक, शाहरुख इदरीश, डॉ जावेद आलम, शहाना, जरीना आदि मौजूद रहे।

# आक्रोश रैली 26 सितंबर को



ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )। अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच की एक बैठक जिला कार्यालय पर हुई जिसमें बैठक का संचालन जिला महामंत्री जगबीर भाटी ने किया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने की बैठक में जिला संरक्षक अशोक कुमार ने सभी पदाधिकारी को कहा की 26 सितंबर की आक्रोश रैली में अधिक से अधिक संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे। बैठक में भूदेव सिंह को जिला उपाध्यक्ष अटेवा और आशीष श्रीवास्तव को जिला संयुक्त मंत्री अटेवा मनोनीत किया गया। इस मौके पर जिला संरक्षक हरलाल, ब्लॉक अध्यक्ष जेवर वीरेंद्र विश्वकर्मा ब्लॉक अध्यक्ष दादरी रोहतास कुमार, सत्येंद्र सिंह, विजय शंकर प्रसाद रमेश कुमार यादव, संजय खारी, रमेश बेनीवाल, राजेश यादव, अजब राज सिंह, जगदीश, मौजूद रहे।

# सीटू ने प्रदर्शन कर थानाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन




नोएडा ( चेतना मंच )। गांव शहदरा सेक्टर-142, पर प्रत्येक मंगलवार शाम को वर्षों से लगते आ रहे साप्ताहिक बाजार के दुकानदारों की काफी दिनों से चली आ रही समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर फिर सीटू जिलाध्यक्ष व पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन के महामंत्री गंगेश्वर दत्त शर्मा, सीटू जिला महासचिव रामसागर, सचिव राम स्वारथ, बाजार कमेटी के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह आदि के नेतृत्व में वेंडर्स ने थाना सेक्टर-142 पर प्रदर्शन कर थानाध्यक्ष को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान करवाने का अनुरोध किया।

थानाध्यक्ष ने वेंडर्स को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान कर सभी वेंडर्स को दुकान लगवाने की व्यवस्था की जाएगी तथा पुलिस किसी भी वेंडर्स को परेशान नहीं करेगी।

सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि यदि वेंडर्स की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो उच्च अधिकारियों के समक्ष धरना प्रदर्शन कर फिर ज्ञापन दिया जाएगा।

साथ ही उन्होंने वेंडर्स से 5 अक्टूबर 2024 को जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर होने वाले प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया। अनमोल बिस्किट इंडस्ट्रीज, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश पर 4 लेबर कोड के विरोध में काला दिवस मनाया।

# प्रॉपर्टी डीलर की हत्या में किराये के 2 शूटर समेत 3 गिरफ्तार

नोएडा ( चेतना मंच )। थाना सेक्टर-142 पुलिस ने बीते 15 सितंबर को सेक्टर-137 मेट्रो स्टेशन के पास हुई प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह हत्या 5 लाख रुपए की सुपारी देकर कराई गई थी।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 15 सितंबर को सेक्टर 137 मेट्रो स्टेशन के पास प्रॉपर्टी डीलर नवीन्द्र झॉ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। उन्होंने बताया कि आज एक सूचना के आधार पर थाना सेक्टर 142 पुलिस ने इस घटना के मुख्य आरोपी नीरज गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता निवासी खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद उम्र 45 वर्ष, तथा शूटर ब्रजपाल पुत्र सूरज सिंह निवासी जनपद बिजनौर उम्र 45 वर्ष, और रामवीर सिंह उर्फ गदल पुत्र रामचंद्र सिंह निवासी जनपद अमरोहा उम्र 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि नीरज गुप्ता और मृतक नवींद्र झा के बीच एक प्लाट के पैसे को लेकर विवाद चल रहा था। नीरज गुप्ता ने झा की हत्या की



योजना बनाई तथा शूटर रामवीर और बृजपाल को 5 लाख रुपए में सुपारी दिया।

3 लाख रुपए उन्हें पेशगी के तौर पर दिए गए। हत्या में प्रयुक्त करने के लिए शूटरों को आरोपी ने एक स्कूटी दी। घटना वाले दिन आरोपी ने नवीन्द्र से बातचीत कर उन्हें सेक्टर 137 के पास समझौता करने के लिए बुलाया। जहां पर भाड़े के हत्यारे ने उन्हें गोली मार दी। आरोपी द्वारा उपलब्ध कराई गई स्कूटी से दोनों मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है की हत्या करने से पूर्व अभियुक्त रामवीर और बृजपाल होटल पैराडाइज नोएडा में रुके थे। इसके विषय में जानकारी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इन बदमाशों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। डीसीपी ने बताया कि अभियुक्त नीरज गुप्ता फल का ठेला लगाने का कार्य करता है, वह नवी कक्षा पास है। अभियुक्त बृजपाल खेती का काम करता है, वह कक्षा आठवीं तक पढ़ा हुआ है। अभियुक्त रामवीर उर्फ गदल खेती का कार्यकर्ता है तथा कक्षा आठवीं तक पढ़ा है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## एशियन पेंट्स नियोभारत ने ग्रामीण भारत के प्रगति के रंग दिखाने के लिए यूट्यूब क्रिएटर्स के साथ साझेदारी की है




**मुंबई, एजेंसी।** अग्रणी पेंट और डेकोर ब्रांड एशियन पेंट्स, जो भारत भर में घरों और जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, की ओर से गर्व से पेश है 'प्रगति के रंग', एक ऐसी कंटेंट सीरीज जो एशियन पेंट्स के नियोभारत लेटेक्स पेंटद्वारा शामिल की गई प्रगति की भावना को कैप्चर करती है। यह सीरीज़ यूट्यूब क्रिएटर्स और छोटे शहरों के व्यक्तियों की प्रेरक कहानियों की सराहना करती है और इसमें एक सुनहरे भविष्य की ओर उनकी इस बदलाव यात्रा को दिखाया जा रहा है। 'प्रगति के रंग' सिर्फ व्यक्तिगत विकास को ही नहीं दिखाती है बल्कि यह ग्रामीण भारत में नियोभारत लेटेक्स पेंट के प्रभाव को भी दिखाती है। एशियन पेंट्स का लक्ष्य इन दूरदर्शी कहानियों की मदद से ग्रामीण भारत के समुदायों की कहानियाँ दिखाकर ग्रामीण ऑडियंस से जुड़ना है और इस बात पर ध्यान दिलाना है कि ये समुदाय देश की प्रगति में कैसे योगदान देते हैं। एशियन पेंट्स के प्रगति के रंग में चार यूट्यूब क्रिएटर्स की प्रेरक कहानियाँ हैं, जो भले ही छोटे शहरों से आते हैं, फिर भी अपनी प्रेरणादायक कहानियों और कंटेंट की मदद से सोशल मीडिया पर उनके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हैं। इस सीरीज़ में सोनीपत के एक फिटनेस क्रिएटर और राष्ट्रीय क्रिएटर पुरस्कार विजेता अंकित बैयानपुरिया को दिखाया गया है, जो नियोभारत लेटेक्स पेंट्स के साथ मिलकर एक स्थानीय अखाड़े को फिर से एक नया रूप देकर इसकी दीवारों को युवा पहलवानों के सपनों को दिखाने वाले ग्राफ़िक आर्टवर्क से भर रहे हैं। दूसरे एपिसोड में जामताड़ा के ट्रक ड्राइवर और यूट्यूब स्टार राजेश रवानी को दिखाया गया है, जो ह॥-33केएक पसंदीदा ढाबे में बदलाव लातेहैं। यह ढाबा, जो आराम करने के लिए है, अब इसकी दीवारों पर ऐसे ग्राफिक आर्टवर्क लगे हुए हैं जो भारत की प्रगति में ट्रक ड्राइवरों की महत्वपूर्ण भूमिका का आदर करते हैं। तीसरे एपिसोड में संतोष जाधव के बारे में बताया गया है, जिन्हें भारतीय किसान के रूप में जाना जाता है, वे सांगली के एक ऐसे यूट्यूबर हैं जो भारतीय किसानों को आधुनिक पद्धतियों से परिचित कराकर कृषि में क्रांति ला रहे हैं। यह एपिसोड सांगली के विटा में कृषि उत्पादन बाजार समिति की जिंदादिली को दिखाता है, जहाँ दीवारों पर लगे ग्राफ़िक आर्टवर्क में तकनीक-प्रेमी किसानों और व्यापारियों के साथ उनकी बढ़ती साझेदारी का गुणगान किया गया है। अंतिम एपिसोड में आंध्र प्रदेश के हर्षा साईके बारे में बताया गया है, जो नेकी करके, दिलचस्प चुनौतियों और प्रेरक कहानियों के ज़रिए दूसरों के सपनों को पूरा करने पर केंद्रित कंटेंट बनाने के लिए जाने जाते हैं।

## पोको के एमआरपी कैंपेन का अंतर्गत फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ सेल में स्मार्टफोन पर मिलेगी शानदार छूट




**मुंबई, एजेंसी।** उपभोक्ताओं के दिलों में तेजी से अपनी जगह बनाने वाला मशहूर टेक्नोलॉजी ब्रांड पोको इंडिया अपना रोमांचक एमआरपी कैंपेन ले कर आ रहा है। इस कैंपेन के साथ यह फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज़ में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पोको ने अपना खुद का मैड रिटेल प्राइस लॉन्च किया है। जिससे 'एमआरपी पूरी तरह से बदल गई है। इस इन्नोवेटिव पहल से ग्राहकों को शानदार छूट पाने का सुनहरा मौका मिलेगा। यह पहल रिटेल मूल्य निर्धारण के कांसेप्ट को एक नई परिभाषा देती है जिससे प्रीमियम टेक्नोलॉजी बेहतरीन रूप में किफायती बनती है। अपने टॉप स्तर के उपकरणों पर शानदार छूट देकर पोको यह सुनिश्चित कर रहा है कि अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी अब सभी की पहुंच में संभव है। इतना ही नहीं ग्राहक चुनिंदा बैंक ऑफ़र के साथ इंस्टेंट बचत का लाभ भी उठा सकते हैं। इसका मतलब यह सेल टेक्नोलॉजी के प्रेमियों के लिए सबसे बड़ा त्यौहार बन जाएगी।

# आईपीओ से पहले ओयो की अमेरिका में बड़ी डील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉस्पिटैलिटी चेन ओयो ने अमेरिका में बड़ी डील की है। कंपनी ने शनिवार को कहा कि वह अमेरिका की जी6 हॉस्पिटैलिटी को खरीद रहा है। इसके लिए उसने ब्लैकस्टोन रियल एस्टेट के साथ 52.5 करोड़ डॉलर (करीब 43,82,72,36,250 रुपये) की एक डील की है। यह डील पूरी तरह कैश में होगी। जी6 हॉस्पिटैलिटी अमेरिका में इकॉनमी लॉजिंग फ्रेंचाइजर और प्रतिष्ठित मोटेल 6 और स्टूडियो 6 ब्रांड की पेरेंट कंपनी है। इस डील से अमेरिका में ओयो की स्थिति मजबूत होगी। कंपनी पिछले पांच साल से अमेरिका में लगातार अपना विस्तार कर रही है। अभी यह 35 राज्यों में 320 से अधिक होटल ऑपरेट करती है। कंपनी की इस साल अपने अमेरिकी पोर्टफोलियो में



250 और होटल जोड़ने की योजना है। ओयो मोटेल 6 और स्टूडियो 6 ब्रांड को और मजबूत करने के लिए अपने प्रौद्योगिकी स्टैक और वैश्विक वितरण नेटवर्क का लाभ उठाकर इस अधिग्रहण पर काम करेगा। मोटेल 6 का फ्रैंचाइजी नेटवर्क 1.7 अरब का ग्रॉस रूम रेवेन्यू कमाता है। ओयो इंटरनेशनल के सीईओ गौतम स्वरूप ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण हमारे जैसी स्टार्टअप कंपनी के लिए हमारी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मोटेल 6 की मजबूत ब्रांड पहचान, वित्तीय प्रोफाइल और अमेरिका में नेटवर्क के साथ ओयो की उद्यमशीलता की भावना मिलकर नई ऊंचाइयां हासिल करेंगी।

### कब आएगा आईपीओ

ब्लैकस्टोन ने मोटेल 6 ब्रांड के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण पूंजी का निवेश किया और बिजनस को अमेरिका और कनाडा में लगभग 1500 होटलों के फ्रैंचाइजी नेटवर्क के साथ एक एसेट लाइट लॉजिंग कंपनी में बदल दिया। ब्लैकस्टोन रियल एस्टेट एसेट मैनेजमेंट अमेरिका के प्रमुख रॉब हार्पर ने कहा कि यह डील निवेशकों के लिए एक शानदार परिणाम है। इसने हमारे निवेशकों की पूंजी को तीन गुना से अधिक बढ़ा दिया और हमारे होल्ड अवधि में एक अरब डॉलर से अधिक का लाभ कमाया। इस डील के 2024 की चौथी तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है।

# आपसे माफी मांगनी है... संकट के बीच बायजू रवींद्रन ने अपने शिक्षकों को लिखा ईमेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक संकट से जूझ रही एडुटेक फर्म बायजू के सीईओ बायजू रवींद्रन ने अपने शिक्षकों को एक अच्छी खबर दी है। रवींद्रन ने शिक्षकों को सूचित किया कि वह कुछ फंड उधार लेने में कामयाब रहे हैं। 21 सितंबर को शिक्षकों को भेजे गए एक ईमेल में रवींद्रन ने वेतन भुगतान में लंबे समय से चली आ रही देरी को स्वीकार किया। इसके साथ ही कर्मचारियों पर पड़े वित्तीय संकट के लिए माफी मांगी।

बायजू रवींद्रन ने शिक्षकों को कहा-मुझे आपसे माफी मांगनी है। आपने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है, फिर भी हम आपके काम की भरपाई नहीं कर पाए हैं। यह सही नहीं है और इसके लिए मुझे सचमुच खेद है। रवींद्रन ने आगे कहा कि हम तमाम बाधाओं के बावजूद, कुछ फंड उधार लेने में कामयाब रहे हैं। यह ज्यादा नहीं है लेकिन आप में से प्रत्येक को इस वीकेंड तक




एक छोटा सा भुगतान कर सकेंगे। चुनौतियों के बावजूद रवींद्रन ने शिक्षकों से नरम बने रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा- आपने कक्षाएं ली हैं, शंकाओं का समाधान किया है, कंटेंट बनाए हैं और हमारे छात्रों को व्यस्त रखा है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि बायजू के वित्तीय नियंत्रण हासिल करने के बाद और अधिक भुगतान किया जाएगा। रवींद्रन ने उन चल रही कानूनी लड़ाइयों का भी जिक्र किया, जिन्होंने कंपनी की वित्तीय कठिनाइयों को बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका स्थित ऋणदाताओं ने हमारी भारतीय संपत्तियों पर दावा करते हुए एक कमजोर मामला दायर किया है। हमने जो समझौता किया है, उसके अनुसार इन परिसंपत्तियों पर कोई अधिकार नहीं है। रवींद्रन ने आगे कहा कि मुझे कंपनी पर विश्वास है। मुझे पता है कि एक साथ मिलकर, हम इससे पहले से भी अधिक मजबूत होकर बाहर निकलेंगे। यह ईमेल ऐसे समय में आया है जब बायजू के कर्मचारियों को सैलरी भुगतान समय से नहीं हो पा रहा है। कंपनी ने अभी तक फरवरी और मार्च सहित कई महीनों के वेतन का पूरा भुगतान नहीं किया है, जिससे ज्यादातर शिक्षक मुश्किल स्थिति में हैं।

## राकेश झुनझुनवाला के रहे हैं राइट हैंड, अब 123 करोड़ रुपये का अपार्टमेंट खरीदकर चौंकाया!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राकेश झुनझुनवाला के सहयोगी रहे उत्पल शेठ ने मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट खरीदा है। उन्होंने यह अपार्टमेंट वर्ली के ओबेरॉय थ्री सिक्सटी वेस्ट नाम की बिल्डिंग में लिया है। इस अपार्टमेंट की कीमत 123 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है।रेयर एंटरप्राइजेज के सीईओ उत्पल शेठ दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला के साथ काम कर चुके हैं। जब राकेश झुनवाला जीवित थे तब उत्पल सेठ को उनका राइड हैंड कहा जाता था। उत्पल सेठ ने हाल ही में मुंबई के पॉश इलाके वर्ली में आलीशान अपार्टमेंट खरीदा है। इकनॉमिक टाइम्स (ईटी) की रिपोर्ट के अनुसार, ओबेरॉय थ्री सिक्सटी वेस्ट नाम की जिस बिल्डिंग में यह अपार्टमेंट खरीदा गया है, वह डॉ एनी बेसेंट रोड पर स्थित है। इस अपार्टमेंट की कीमत 123 करोड़ रुपये से भी ज्यादा बताई जा रही है। यह अपार्टमेंट ओबेरॉय थ्री सिक्सटी वेस्ट के एक टॉवर की 54वीं मंजिल पर है। इस अपार्टमेंट का कुल क्षेत्रफल 15,795 वर्ग फीट है। इसमें 884 वर्ग फीट की एक बड़ी बालकनी भी शामिल है। शेठ ने अपने परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ मिलकर यह अपार्टमेंट खरीदा है। उन्होंने ट्रस्ट ग्रुप नाम के एक मल्टी-एसेट फाइनेंशियल सर्विसेज प्लेटफॉर्म की सह-स्थापना की है। दस्तावेजों के अनुसार, यह सौदा 15 सितंबर को हुआ था।

## एनपीएस वात्सल्य: रिटायरमेंट पर आपका बच्चा होगा 10 करोड़ का मालिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने नाबालिग बच्चों के लिए एक नई पेंशन योजना शुरू की है। इसका नाम एनपीएस वात्सल्य है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में इसका ऐलान किया था। यह योजना देशभर में 75 जगहों पर शुरू की गई है। अब तक 250 से ज्यादा पीआरएएन (परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर) बच्चों को आवंटित किए जा चुके हैं। एनपीएस वात्सल्य योजना माता-पिता को अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने का सुनहरा मौका देती है। इस योजना के तहत माता-पिता अपने बच्चों के नाम पर पेंशन खाता खुलवा सकते हैं। यह उन्हें लंबी अवधि में चक्रवृद्धि ब्याज का लाभ उठाने का अवसर देती है। एनपीएस वात्सल्य योजना में कॉन्ट्रिब्यूशन और निवेश के फ्लेक्सिबल विकल्प उपलब्ध हैं। इसमें माता-पिता सालाना न्यूनतम 1,000 रुपये जमा कर सकते हैं। यह हर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के लिए सुविधाजनक है। बीते दिनों वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस योजना को शुरू करते हुए कहा कि एनपीएस वात्सल्य सभी नागरिकों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय योजना है। यह सुरक्षा को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण कदम है। योजना न केवल ग्राहकों के भविष्य को सुरक्षित करेगी, बल्कि यह इक्विटी के सिद्धांत पर भी आधारित है। इससे परिवार के बुजुर्गों और युवा दोनों पीढ़ियों के लिए सुरक्षा कवच मिलता है। सीतारमण के मुताबिक, एनपीएस वात्सल्य युवाओं को बचत की आदत विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। चक्रवृद्धि ब्याज के चलते वे बड़ी पूंजी जुटा पाएंगे। यह योजना व्यक्तियों को उनके बुढ़ापे में एक सम्मानजनक जीवन प्रदान करेगी।

# नकली हीरों से पटा है बाजार, असली हीरों की बिक्री हुई धड़ाम, इस तरह से लैब में बन रहे हैं नकली हीरे

**लखनऊ एजेंसी।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह के घर से मिले करोड़ों के बेशकीमती हीरों की चर्चा छाई है। कहावत है कि खोटा सिक्का अच्छे सिक्के को चलन से बाहर कर देता है। यही बात असली हीरे पर लागू हो रही है, क्योंकि प्रयोगशाला में तैयार मानव निर्मित हीरों ने असली हीरों का 40 फीसदी बाजार छीन लिया है। ये नकली हीरे इस कदर असली दिखते हैं कि ज्वेलर भी नहीं पहचान सकते। कमाई का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि जो असली हीरा पांच लाख रुपये का है, उसी आकार का प्रयोगशाला वाला हीरा महज 25 हजार में बिक रहा है। इन नकली हीरों से डी-बियर्स जैसी दुनिया की सबसे बड़ी डायमंड कंपनी की भारत और यूपी में बाजार हिस्सेदारी 30 फीसदी से घटकर महज 6 फीसदी तक रह गई है। अब मोहिंदर के पास मिले हीरे असली हैं या असली बताकर ठग लिया गया हो, ये भी जांच का विषय हो सकता है। इन हीरों को सीवीडी (केमिकल वेपर डेपोजिशन) कहा जाता है। जिस तरह बीज से पौधा तैयार होता है, ठीक उसी तरह बेहद छोटे से असली हीरे को कार्बन चेंबर में रखा जाता है। इसमें प्लाज्मा



का भी इस्तेमाल होता है। फिर चेंबर में बेहद उच्च ऊर्जा और दबाव डाला जाता है। ये पूरी प्रक्रिया एक रिएक्टर के अंदर पूरी होती है। इस तरह एक हफ्ते में इंसानों द्वारा केमिकल से तैयार असली हीरा तैयार हो जाता है, जबकि इसी प्रक्रिया से प्राकृतिक हीरा बनने में लाखों साल लग जाते हैं। कटिंग और पॉलिश के बाद सीवीडी और असली हीरे में अंतर कोई ज्वेलर भी नहीं बता पाएगा। ये लैब आईआईटी कानपुर और आईआईटी चेन्नई सहित कुछ अन्य तकनीकी संस्थानों में भी लगाने की तैयारी है। प्राकृतिक और लैब में तैयार हीरे की कीमत में 20 गुना से भी ज्यादा का अंतर है। शुरू में सराफा व्यापारियों को भी इसकी जानकारी नहीं थी। इसलिए तमाम बड़ी डायमंड कंपनियां असली बताकर लैब डायमंड बेचकर मालामाल हो गई और लोग धोखाधड़ी का शिकार हो गए। कारोबारियों के मुताबिक नीरव मोदी ने भी यही खेल किया और उन्हें मोहरा बनाकर बाजार में लैब वाले हीरे बेच दिए। अब असली-नकली के चक्कर में दस हजार करोड़ का डायमंड मार्केट धड़ाम हो गया। असली हीरों की कीमत 25 फीसदी से ज्यादा गिर गई है क्योंकि 40 फीसदी बाजार नकली ने काट ली है। इससे हीरे का बिक्री पर गारंटीड रिटर्न ही खत्म हो गया। आज के भाव में खरीदें, जब भी बेचने आएंगे तो उस दिन के भाव में बिकेगा। असली हीरे की बात करें तो भारत में एक कैरेट हीरे की कीमत लगभग 50 हजार से शुरू होती है। यह हीरे की गुणवत्ता के आधार पर दस लाख रुपये तक जा सकती है। लैब में तैयार हीरों ने असली हीरों को काफी नुकसान पहुंचाया है। अभी रिएक्टर और सस्ते होंगे तो इनसे तैयार हीरों की कीमतें और कम होंगी। हीरा असली है या लैब में बना, इसकी पहचान के तीन तरीके हैं। पहला सर्टिफाइड जेमोलॉजिस्ट इसे परख सकता है। सीवीडी टेस्टिंग मशीन है जिसकी कीमत ही 15 लाख से शुरू होती है।

# 5 स्कीमों ने किया मालामाल, 6500 रुपये से सालभर में लखपति...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड स्कीमों के बारे में एक बात अक्सर कही जाती है। वह यह है कि लंबी अवधि में ये स्कीमें अच्छा रिटर्न देती हैं। हालांकि, म्यूचुअल फंड की कुछ स्कीमों ने कम समय में भी अच्छा रिटर्न दिया है। ईटी नाउ ने ऐसी ही 5 स्कीमों की पहचान की है। उसकी रिपोर्ट पिछले एक साल में 55 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न देने वाली 5 म्यूचुअल फंड स्कीमों पर आधारित है। फंड हाउस की कई सेक्टोरल/थीमेटिक म्यूचुअल फंड स्कीमों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इनमें से टॉप 10 स्कीम ने एक साल में 45 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। टॉप 5 स्क्ष स्कीम ने तो 50 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। डाटा से पता चलता है कि सबसे ज्यादा रिटर्न देने वाली म्यूचुअल फंड स्कीम



एचडीएफसी फंड हाउस की है। इसने पिछले साल 80 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। अगर किसी निवेशक ने टॉप 5 स्कीम में हर महीने 6500 रुपये का एसआईपी किया होता तो उनका कॉर्पस 1 लाख से रुपये ज्यादा हो गया होता। क्वांट हेल्थकेयर फंड लगभग एक साल पुरानी स्कीम है। इसने पिछले एक साल में अपने डायरेक्ट प्लान में 59.91 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। अगर किसी ने एक साल तक हर महीने इसमें 6500 रुपये का एसआईपी किया होता तो उनका कॉर्पस 1,03,679 रुपये हो गया होता। एचडीएफसी ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड पिछले साल 17 अगस्त को लॉन्च हुई थी। इस सेक्टोरल स्कीम के डायरेक्ट प्लान ने पिछले एक साल में 63.25 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इस स्कीम में एक साल तक हर महीने 6,500 का एसआईपी करने पर कॉर्पस 1,04,317 रुपये हो गया होता। क्वांट बिज़नेस साइकिल फंड 30 मई, 2023 को लॉन्च हुई थी। इसके डायरेक्ट प्लान ने पिछले एक साल में 67.35 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इस स्कीम में हर महीने 6500 रुपये का एसआईपी करने पर कॉर्पस 1,02,572 हो गया होता। क्वांट मैन्युफैक्चरिंग फंड 14 अगस्त, 2023 को लॉन्च हुआ था। म्यूचुअल फंड की इस स्कीम में हर महीने 6500 रुपये का एसआईपी करने पर कॉर्पस 1,02,206 रुपये हो गया होता। इसके डायरेक्ट प्लान ने एक साल में 68.44 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। एचडीएफसी डिफेंस फंड इस कैटेगरी की विजेता स्कीम है। इसे पिछले साल 2 जून को लॉन्च किया गया था। इसके डायरेक्ट प्लान ने एक साल में 82.11 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसमें हर महीने 6500 रुपये का एसआईपी करने पर कॉर्पस 1,03,695 रुपये हो गया होता।

## पृष्ठ एक के शेष....

**गॉर्डन गैलेरिया मॉल...**

सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-38ए में स्थित गार्डन गलेरिया मॉल में तीनों आरोपियों ने ऑस्कर बार में बैठकर शराब पी थी। तीनों युवक संचित बंसल, शिखर व यश खुर्जा से आए थे। संचित का खुर्जा में क्रॉकरी का कारोबार है। जब तीनों बाहर निकले तो पार्किंग को लेकर उनका निठारी के कुछ युवकों से विवाद हो गया। इसके बाद तीनों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है और तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के खुर्जा जिले के रहने वाले तीन लोग रविवार की रात को पार्टी करने आए थे।

**केजरीवाल की कुर्सी...**

भगवान राम हम सभी के आदर्श हैं और केजरीवाल जी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए दिल्लीवालों की सेवा की और मर्यादा का पालन करते हुए सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। मुझे विश्वास है कि अब दिल्लीवाले केजरीवाल जी को विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर फिर से सीएम बनायेंगे। तब तक यह मुख्यमंत्री की कुर्सी केजरीवाल जी का इंतज़ार करेगी।

**किसानों की मांगों ...**

वीरेंद्र पूनिया, राजेंद्र भाटी, बालकिशन जाटव, मनोज चौधरी, धीरज चौधरी, यशवीर सिंह, महेश बरेला, राहुल पंडित, जितेंद्र बसोया, प्रमोद मंत्री, विनीत भाटी, अमित कुमार सिंह, पुष्पेंद्र पंडित आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**निजी स्कूलों व अस्पतालों...**

श्री अवाना ने बताया कि इसको लेकर सेक्टर-58 में पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक कर अनशन की रूपरेखा तैयार की गई। यह अनशन 26-28 सितंबर तक मेरठ के कमिश्नरी पार्क में किया जाएगा। ज्ञात हो कि आम आदमी पार्टी पश्चिमी प्रांत के अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई है, जिसमें प्राइवेट स्कूलों और प्राइवेट अस्पतालों को लूट की खुली छूट दी जा रही है। बैठक में जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने कहा कि यह अनशन जनता के हितों के लिए है और हम पूरी तरह से सोमेंद्र ढाका के साथ खड़े हैं। हम गौतमबुद्धनगर से बड़ी संख्या में मेरठ जाकर इस आंदोलन को मजबूती देंगे। इस बैठक में संगठन के विस्तार, जनता से जुड़ी समस्याओं और पार्टी की आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा की गई।

इस मौक़े पर जिला महासचिव कैलाश शर्मा ,संगठन मंत्री प्रशांत रावत,व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष इम्तियाज़ अहमद, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना गुप्ता, पश्चिम प्रांत उपाध्यक्ष दिशा चैम्बर, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, जिला सचिव विजय श्रीवास्तव, जिला सचिव प्रदीप सुनैया, कार्यकारिणी सदस्य सतीश गौतम, रहीस ठाकुर ,सरताज , सज्जन सिंह, राम बिलास, अभिषेक मिश्रा , नियामत शाह, सतेंद्र ,मनोज कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**11 हज़ार व्यापारी...**

बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मात्र 17-18 दिनों में 11,000 सदस्य जोड़ने का लक्ष्य पूरा किया गया। प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता ने कहा कि हम हमेशा व्यापारिक हितों के लिए कार्य करते हैं और जो पार्टी व्यापारियों का हित करेगी हम हमेशा उसके साथ है। प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मैं हमेशा देशभक्ति के लिए कार्य किया है और हम देशभक्त पार्टी के साथ हैं।

प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीन गर्ग ने कहा कि ये कारवां अब यही नहीं रुकेगा। अब हम 51 हज़ार सदस्यों को जोड़ने का संकल्प करते हैं।

महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहा कि हमने सोसाइटियों में घर घर जाकर भारतीय जनता पार्टी के लोगों को सदस्यता दिलवाई है। अब हम सभी बाज़ारों में घूम घूमकर इस पार्टी को और मज़बूत करेंगे।

प्रदेश प्रभारी वंदना गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देशहित वाली पार्टी है द्य यह पार्टी सभी जातियों के साथ मिलकर कार्य करती है और व्यापारियों के लिए हमेशा साथ खड़ी रहती है।

इस सदस्यता अभियान में संरक्षक सुभाष गर्ग नवनीत गुप्ता विकास जैन लघु अग्रवाल प्रवीन गर्ग सचिन गोयल मनीष शर्मा ज्ञानचंद शिवा चौहान शक्ति सिंह रवि शर्मा राजेश जिंदल निधि सहाय श्रेया शर्मा पूजा गर्ग वंदना गुप्ता नवीन अग्रवाल व अन्य सैकड़ों सदस्य सम्मिलित हुए।

**महिला की संदिग्ध ...**

वहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की 2 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में खोड़ा पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी।

**दबंगों ने तोड़ डाली...**

22 सितंबर की रात को वहां पर उधम सिंह, योगेश शर्मा, संजय, सुनील शर्मा, मोहित शर्मा, सोनू शर्मा और अमित शर्मा आए। इन लोगों ने उसके प्लाट की बाउंड्री को तोड़ दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी आपराधिक छवि के लोग हैं। पीड़ित इनसे भयभीत है उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# संजू सैमसन-रिकी भुई के शतक

## अर्शदीप की घातक गेंदबाजी

### श्रेयस अय्यर की टीम ने 257 रन से जीता मैच





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी 2024 के तीसरे चरण के मुकाबले में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली इंडिया डी टीम का सामना अभिमन्यू ईश्वरन की कप्तानी वाली इंडिया बी टीम के साथ हुआ। श्रेयस की टीम ने अपने पहले दो मुकाबले गंवाए थे, लेकिन तीसरे मैच में इस टीम ने संजू सैमसन और रिकी भुई की शतकीय पारी साथ ही अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी के दम पर इंडिया बी को 257 रन के बड़े अंतर से हराने में सफलता हासिल की। इस मुकाबले में इंडिया डी ने पहली पारी में संजू सैमसन की शतकीय पारी के दम पर 349 रन बनाए और फिर इंडिया बी ने पहली पारी में कप्तान अभिमन्यू की शतक के दम पर 282 रन बनाए। पहली पारी में इंडिया डी को 67 रन की बढ़त मिली और फिर इस टीम ने दूसरी पारी में रिकी भुई की नाबाद शतकीय पारी के दम पर 305 रन बनाए और अपनी कुल बढ़त 372 रन करते हुए इंडिया बी को जीत के लिए 373 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में इंडिया बी की टीम दूसरी पारी में अर्शदीप की घातक गेंदबाजी के सामने 115 रन पर ही सिमट गई और उसे 257 रन से हार मिली।

इंडिया डी के लिए इस मैच की पहली पारी में संजू सैमसन ने 101 गेंदों पर 3 छक्के और 12 चौकों की मदद से 106 रन की पारी खेली जबकि देवदत्त पडीक्कल ने 50 रन, केएस भरत ने 52 रन और रिकी भुई ने 56 रन की पारी खेली। पहली पारी में कप्तान श्रेयस अय्यर डक पर आउट हो गए थे जबकि इंडिया बी की तरफ से नवदीप सैनी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। वहीं पहली पारी में इंडिया बी के कप्तान अभिमन्यू ने 116 रन की पारी खेली जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 87 रन बनाए थे। पहली पारी में इंडिया डी की तरफ से सौरव कुमार ने 5 विकेट जबकि अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट लिए जबकि आदित्य ठाकरे ने 2 सफलता हासिल की। दूसरी पारी में इंडिया डी की तरफ से रिकी भुई ने नाबाद शतकीय पारी खेली और 124 गेंदों पर 3 छक्के और 15 चौकों की मदद से नाबाद 119 रन की पारी खेली। दूसरी पारी में इंडिया डी के कप्तान श्रेयस अय्यर ने तेज बल्लेबाजी की और 40 गेंदों पर एक छक्का और 7 चौकों की मदद से 50 रन बनाए। संजू सैमसन ने दूसरी पारी में 45 रन टीम के लिए बनाए। दूसरी पारी में इंडिया बी के लिए मुकेश कुमार ने 4 विकेट जबकि नवदीप सैनी ने 3 विकेट हासिल किए। सूर्यकुमार यादव इस मैच की दोनों पारियों में फेल रहे। पहली पारी में उन्होंने 5 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 16 रन बनाए। दूसरी पारी में इंडिया बी 115 रन पर निपट गई और अर्शदीप सिंह ने 6 विकेट लिए जबकि आदित्य ठाकरे ने 4 विकेट लिए। अर्शदीप ने इस मैच में कुल 9 विकेट लिए।

# तेंदुलकर ने 200 टेस्ट में बनाया था जो कीर्तिमान अश्विन ने उसे 101वें मैच में ही किया ध्वस्त; कोहली, कुंबले, जडेजा की बराबरी की



**चैन्नई, एजेंसी।** भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में चेन्नई में बांग्लादेश को 280 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इस मैच में आर अश्विन ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया और प्लेयर ऑफ द मैच बने। अश्विन अब टेस्ट प्रारूप में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच प्लस प्लेयर ऑफ द सीरीज (दोनों मिलाकर) खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इस मामले में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। वहीं इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच खिताब जीतने के बाद उन्होंने विराट कोहली, अनिल कुंबले और रविंद्र जडेजा की भी बराबरी कर ली।

**अश्विन ने तेंदुलकर को पीछे छोड़ा** - अश्विन ने अपने 101वें टेस्ट मैच को अपने प्रदर्शन के जरिए यादगार बना दिया और बांग्लादेश के खिलाफ ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। पहली पारी में उन्होंने टीम के लिए 113 रन की पारी खेली और गेंदबाजी में भी कमाल का प्रदर्शन किया। पहली पारी में उन्होंने कोई विकेट हासिल नहीं किया था, लेकिन दूसरी पारी में सारी कसर पूरी करते हुए 21 ओवर में 88 रन देकर 6 विकेट लिए। अपने इस प्रदर्शन के दम पर वो प्लेयर ऑफ द मैच बने।

#### टेस्ट मैचों में भारत के लिए सबसे ज्यादा मैन ऑफ द मैच पुरस्कार

14 – सचिन तेंदुलकर
11 – राहुल द्रविड़
10 – रवि अश्विन
10 – रविंद्र जडेजा
10 – विराट कोहली
10 – अनिल कुंबले

सचिन तेंदुलकर ने अपने 200 टेस्ट मैच के दौरान मैन ऑफ द मैच प्लस मैन ऑफ द सीरीज का खिताब 19 बार जीता था, लेकिन अश्विन ने 101 वें टेस्ट मैच में ही उन्हें पीछे छोड़ दिया। अश्विन ने टेस्ट करियर के 101 मैच में ही मैन ऑफ द मैच प्लस मैन ऑफ द सीरीज का खिताब 20 बार जीतकर उन्हें पीछे छोड़ दिया। इस लिस्ट में राहुल द्रविड़ तीसरे, अनिल कुंबले चौथे और सहवाग व कोहली संयुक्त रूप से 5वें नंबर पर हैं।

**टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा मैन ऑफ द मैच प्लस मैन ऑफ द सीरीज खिताब जीतने वाले खिलाड़ी**

20 - रवि अश्विन
19 - सचिन तेंदुलकर<ड्डह्व>15 ड्ड राहुल द्रविड़
14 - अनिल कुंबले
13 - वीरेंद्र सहवाग
13 - विराट कोहली</श्व>

**अश्विन ने कर ली कोहली, जडेजा और कुंबले की बराबरी** - अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 10वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता और रविंद्र जडेजा, विराट कोहली और अनिल कुंबले की बराबरी कर ली। इन तीनों खिलाड़ियों ने भी 10-10 बार ये खिताब टेस्ट में जीते थे। इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर पहले नंबर पर हैं जबकि राहुल द्रविड़ दूसरे नंबर पर हैं। वहीं अश्विन अब जडेजा, कोहली और कुंबले के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर आ गए।

**शतरंज ओलंपियाडः**

# भारत ने जीता ऐतिहासिक स्वर्ण, विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने फाबियानो को हराया

**बुडापेस्ट (हंगरी), एजेंसी।** हंगरी की राजधानी में आयोजित शतरंज ओलंपियाड में भारत ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने में सफलता पाई है। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने फाबियानो को हरा दिया है। शतरंज ओलंपियाड में भारत को पहली बार स्वर्ण पदक मिला है।

भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के 10वें दौर में मजबूत अमेरिका को 2.5-1.5 से हराकर एक दौर शेष रहते ही ऐतिहासिक स्वर्ण पदक पर



कब्जा तय कर लिया है। भारत 19 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर कायम है। अगले दौर में हारने पर भी उच्च टाईब्रेक स्कोर के कारण चैंपियन बन जाएगा। गुकेश-अर्जुन ने बाजियां जीतीं। डी गुकेश ने फाबियानो कारुआना को शिकस्त दी।

हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में आयोजित प्रतियोगिता में ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने फाबियानो कारुआना को शिकस्त देकर भारत को पुरुष वर्ग में पहली बार शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण दिलाने में मदद की। इसकी पुष्टि ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से और प्रगनानंदा के कोच आर बी रमेश ने भी की। आर बी रमेश ने टीम को स्वर्ण जीतने पर बधाई भी दी।

19 अंक के साथ भारतीय पुरुष टीम शीर्ष पर कायम है

प्रवीण थिप्से ने कहा कि भारत 11वां दौर हार भी जाता है और दूसरी टीम से उसके बराबर अंक रह जाते हैं तो भी ट्राई ब्रेकर में भारत का स्कोर अच्छा है जिससे उसका स्वर्ण पक्का है। 45वें शतरंज ओलंपियाड के 10वें दौर में भारतीय पुरुष टीम ने अमेरिका को 2.5-1.5 से हराया। भारतीय पुरुष टीम टूर्नामेंट में हारी नहीं है और 19 अंक के साथ ओपन वर्ग में शीर्ष पर कायम है। प्रगनानंदा को वेस्ली सो से हार मिली। विदित ने लेवरोन को ड्रॉ पर रोका। अर्जुन ने पेरेज को हराया।

महिला टीम ने चीन को दी शिकस्त

भारतीय महिला टीम ने चीन को 10वें दौर में 2.5-1.5 से शिकस्त दी। महिला टीम ने इससे पहले अमेरिका की टीम से ड्रॉ खेला था और अब चीन पर जीत के साथ वापसी की। भारतीय महिला टीम में सिर्फ दिव्या देशमुख को जीत मिली जबकि नोएडा की वंतिका अग्रवाल, वैशाली और हरिका ने ड्रॉ खेला। दिव्या ने शिक्रेन को हराया। वंतिका ने मियाओई को बराबरी पर रोका। शीर्ष बोर्ड पर हरिका को झू जिनेर के खिलाफ ड्रॉ खेलना पड़ा जबकि वंतिका ने मियाओइ को बराबरी पर रोक दिया।

# सीपीएल 2024 में 9 विकेट लेने वाले ने जिताया मैच

### नाम बदलने के बाद तीसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑल आउट हुई ये टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 21 सितंबर को सीपीएल 2024 की टॉप की दो टीमों के बीच मुकाबला हुआ. बारबाडोस रॉयल्स और सेंट लुसिया किंग्स के बीच हुई इस टक्कर में उम्मीद तो वैसे रनों की बारिश के होने की थी लेकिन देखने को विकेटों की पतझड़ मिली. सेंट लुसिया किंग्स के गेंदबाजों का कहर बारबाडोस रॉयल्स के बल्लेबाजों पर जमकर टूटा, जिसका नतीजा ये रहा कि वो नाम बदलने के बाद टी-20 में अपने तीसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑल आउट हो गए. सेंट लुसिया किंग्स के जिस गेंदबाज ने बारबाडोस रॉयल्स को सबसे ज्यादा तंग किया वो रहे सीपीएल 2024 की पिच पर 9 विकेट लेने वाले अल्जारी जोसेफ ।

**23 छक्के लगाने वाले डिकॉक के लिए खास प्लान** - 27 साल के अल्जारी जोसेफ ने मैच में पहले बैटिंग करने उतरी बारबाडोस रॉयल्स के टॉप से लेकर मिडिल ऑर्डर तक हमला बोला. जबरदस्त प्लानिंग के साथ किए अपने अटैक की बदौलत वो बारबाडोस रॉयल्स के सारे नामी गिरामी बल्लेबाजों को निवाला बनाने में कामयाब रहे. अल्जारी ने जैसा मैच के बाद बताया कि उन्होंने सीपीएल 2024 में 23 छक्के लगाने वाले इनफॉर्म क्विंटन डिकॉक के लिए खास प्लान बनाया था, जो कि कामयाब रहा. उन्होंने अराउंड द विकेट जाकर डिकॉक को स्टंप पर गेंद खिलाने का प्लान बनाया था ।

**सीपीएल 2024 में अल्जारी जोसेफ ने दिया अपना बेस्ट** - दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने सीपीएल 2024 में अब तक का अपना बेस्ट प्रदर्शन किया. उन्होंने बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ 22 रन देकर 4 विकेट लिए. इसी के साथ सीपीएल 2024 में अब तक खेले 7 मैचों में उनके विकेटों की कुल संख्या 9 हो गई ।

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए हुआ भारतीय टीम का ऐलान

**चैन्नई, एजेंसी।** भारतीय टीम ने बांग्लादेश को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में हरा दिया और अब टीम इंडिया को दूसरा टेस्ट मैच कानपुर में खेलना है। 27 सितंबर से शुरू होने वाले इस टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया।

दूसरे टेस्ट मैच के लिए जिस भारतीय टीम का ऐलान किया गया है उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। भारतीय टीम में सभी वही खिलाड़ी हैं जो पहले टेस्ट के लिए चयनित किए गए। श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी नहीं हुई जबकि दलीप ट्रॉफी के तीसरे चरण के मुकाबले में शतक लगाने वाले इशान किशन को भी मौका नहीं मिला।

**दूसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं** -बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की प्लेइंग इलेवन में सरफराज खान, ध्रुव जुरैल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, और यश दयाल को जगह नहीं दी गई थी, लेकिन दूसरे टेस्ट मैच के लिए ये सभी खिलाड़ टीम में मौजूद हैं। पहले टेस्ट मैच से ठीक पहले सरफराज खान दलीप ट्रॉफी में खेल रहे थे जहां उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, लेकिन फिर भी उन्हें टीम में बनाए रखा गया है। इसके अलावा पहले टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में शामिल सभी खिलाड़ी टीम में मौजूद हैं।

**दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय क्रिकेट टीम** - रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरैल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

### जानिए किन-किन खिलाड़ीयों को मिला मौका



**पहले टेस्ट मैच में भारत को मिली जीत** - इस टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भारत ने बांग्लादेश को चेन्नई में 280 रन से रहा दिया। पहले टेस्ट मैच में भारत की तरफ से ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में 109 रन की पारी खेली जबकि शुभमन गिल ने नाबाद 119 रन बनाए। वहीं पहली पारी में अश्विन ने 113 रन की पारी खेली जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 6 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला। पहले मैच में जीत के बाद भारत ने इस टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

**ऑस्ट्रेलिया- इंग्लैंड**

# वनडे वर्ल्ड कप से विजय रथ पर सवार ऑस्ट्रेलिया, लगातार इतने मैच जीते ;क्या तोड़ देगा अपना 21 साल पुराना रिकॉर्ड

**लीड्स, एजेंसी।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को लीड्स के हेडिंग्ले में सीरीज के दूसरे मैच में मेजबान इंग्लैंड को 68 रनों से हरा दिया। मिचेल मार्श की अगुआई वाली टीम ने एकदिवसीय क्रिकेट में जीत का सिलसिला जारी रखा। यह उनकी इस प्रारूप में लगातार 14वीं जीत थी। मेंस वनडे में ऑस्ट्रेलिया दूसरी लगातार इतने मैच जीता है। ऑस्ट्रेलिया के नाम लगातार सबसे ज्यादा वनडे जीतने का रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया ने 2003 में सबसे लगातार 21 मैच जीते थे। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि क्या यह रिकॉर्ड टूटेगा। आईसीसी के अनुसार सभी वनडे में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के नाम 2018 और 2021 के बीच 26 बैक-टू-बैक जीत का रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया मेंस टीम पिछले साल भारत में वनडे वर्ल्ड कप लगातार 9 मैच जीती थी। टूर्नामेंट के अपने पहले दो मैच हारने के बाद शानदार वापसी की थी। भारत को फाइनल में हराकर खिताब जीता था।

**लगातार 14 वनडे ऑस्ट्रेलिया ने जीते** - वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर 3-0 की जीत से लगातार 12 वनडे ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिए। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज के पहले दो वनडे में जीत के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने लगातार 14 जीत हासिल कर ली हैं। हेडिंग्ले में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम 89 रन पर 3 विकेट गंवाकर संकट में थी। कप्तान मिशेल मार्श और एलेक्स कैरी ने टीम के लिए महत्वपूर्ण अर्धशतक जड़े।

**मेंस वनडे में नंबर 1 रैंकिंग पर ऑस्ट्रेलिया की निगाहें** - कैरी की जुझारू पारी (67 गेंदों पर 74 रन) और जोश हेजलवुड के



साथ अंतिम विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को खराब स्थिति से 270 तक पहुंचाया। जवाब में, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने इंग्लिश बल्लेबाजों की एक न चली। अगला वनडे 24 सितंबर को चेस्टर-ले-स्ट्रीट में होगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया की नजर मेंस वनडे में नंबर 1 रैंकिंग पर होगी।

# संग्राम सिंह एमएमए मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बने

**जॉर्जिया, एजेंसी।** भारतीय पहलवान संग्राम सिंह ने गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में अपना पहला मुकाबला जीतकर एमएमए की दुनिया में अपनी पहचान बनाई। कॉमनवेल्थ हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम ने मात्र एक मिनट और तीस सेकंड में पाकिस्तानी फाइटर अली रजा नासिर को हराया, जो उनसे सत्रह साल छोटे हैं। इस तरह वे मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बन गए। ग्यारह प्रतिस्पर्धी देशों में संग्राम की यह उपलब्धि 93



किलोग्राम वर्ग में किसी भारतीय फाइटर द्वारा दर्ज की गई सबसे तेज जीत है। संग्राम ने अपनी कुश्ती कौशल और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करके स्पष्ट जीत हासिल की। पारंपरिक कुश्ती में उनकी पृष्ठभूमि है और वे प्रशिक्षण के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने कहा, मुझे भारत के लिए यह जीत घर लाने पर बेहद गर्व है। यह जीत भारत में स्रूके बेहतर भविष्य की दिशा में एक कदम है। यह व्यक्तिगत उपलब्धि से बढ़कर है। मुझे उम्मीद है कि वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलने से भारतीय सरकार को मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स का समर्थन करने वाले कार्यक्रमों को लागू करने और युवाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करने की प्रेरणा मिलेगी। सिंह ने मुकाबला जीतने के बाद कहा, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इससे युवा एथलीटों को अपनी आंतरिक शक्ति खोजने, महानता के लिए प्रयास करने और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की दुनिया में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। संग्राम ने अपने कोचों को उनके महत्वपूर्ण समर्थन के लिए भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मैं अपने भारतीय कोच भूपेश कुमार को उनके अटूट मार्गदर्शन के लिए पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकता। वे हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं। मैं अपने अंतरराष्ट्रीय कोच डेविड सर का भी बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में आने के दौरान मेरा पूरा साथ दिया और मेरी रणनीति को बेहतर बनाने में मेरी मदद की।

# 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि परिस्थितियां कैसी हैं, बांग्लादेश से पहला टेस्ट जीतकर बोले रोहित शर्मा

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 280 रन से जीत दर्ज करने के बाद रविवार को यहां कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वह 'मजबूत गेंदबाजी विकल्पों के आस पास अपनी टीम को तैयार करने पर ध्यान दे रहे हैं। भारत ने अनुभवी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल के साथ शुभमन गिल और ऋषभ पंत की शतकीय पारियों के दम पर पांच सत्र रहते बड़ी जीत दर्ज की।



रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, 'हम अपनी टीम को मजबूत गेंदबाजी विकल्पों के इर्द-गिर्द बनाना चाहते हैं, हमें किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि परिस्थितियां कैसी हैं, चाहे हम भारत में खेलें, चाहे हम बाहर खेलें, हम उसी के अनुरूप टीम बनाना चाहते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में हम जहां भी खेले हैं, हम अपने विकल्पों का अच्छे से इस्तेमाल करने में कामयाब रहे हैं। हम तेज गेंदबाजी या स्पिन दोनों विकल्पों को इस्तेमाल करने में सफल रहे हैं।

**हमने अच्छी तैयारी की** - बांग्लादेश की टीम जीत के लिए 515 रन के असंभव जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए 234 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में बल्ले से 113 रन का योगदान देने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 88 रन पर छह विकेट झटके। रोहित ने कहा, 'आने वाले मैचों को देखते हुए हमारे हमारे लिए यह एक शानदार परिणाम है। हम लंबे समय बाद खेल (टेस्ट मैच) रहे हैं। हम यहां एक सप्ताह पहले आए थे और हमने अच्छी तैयारी की। हमें वह परिणाम मिला जो हम चाहते थे।

**सबसे ज्यादा खुशी पंत की वापसी से** - भारतीय कप्तान को सबसे ज्यादा खुशी पंत की इस प्रारूप में यादगार वापसी से है। उन्होंने कहा, 'वह सचमुच बहुत कठिन समय से गुजरा है। जिस तरह उसने मुश्किल समय का सामना किया और खुद को संभाला वह देखना शानदार था। उन्होंने आईपीएल में वापसी की। उसके बाद टी20 विश्व कप में बेहद सफल रहे लेकिन उसे टेस्ट प्रारूप को सबसे ज्यादा पसंद है।

# गेंदे में लगने वाले कीट-रोग





## मुख्य कीट एवं रोकथाम

### रेड स्पाइडर माईट (लाल माईट)

माईट आठ पैर वाला जीव है जो कीटों से भिन्न होता है। इसके शिशु एवं वयस्क कोमल पत्तियों तथा नरम वृद्धि वाले भागों से रस चूस कर पौधे को नुकसान पहुंचाते हैं। समय पर नियंत्रण नहीं करने पर आर्थिक स्तर पर हानि होते इसके नियंत्रण के लिये 0.2 प्रतिशत मेलाथियान या 0.2 प्रतिशत मेटासिस्टॉक्स का छिड़काव करें। इसके अलावा डाईकोफॉल 17.5 ईसी 10 मिली अथवा मिथाइल डिमेटॉन 25 ईसी. 10 मिली प्रति 10 लीटर पानी में मिलाकर तने तथा पत्तियों पर छिड़क कर इसको समाप्त किया जा सकता है।





### चेपा/माहू

ये कीड़े हरे रंग के होते हैं तथा पत्तों की निचली सतह से रस चूसकर काफी मात्रा में हानि पहुंचाते है। ये कीड़े विषाणु रोग भी फैलाते है। इसकी रोकथाम के लिये 300 मिली. मेटासिस्टॉक्स 25 ईसी. अथवा डाईमिथिएट 30 ईसी को 200 से 300 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर छिड़काव करें। आवश्यकतानुसार 10 से 15 दिन के अंतराल पर अगला छिड़काव करें।

## प्रमुख व्याधियां एवं रोकथाम

### आर्द्रगलन रोग

यह बीमारी नर्सरी में पौध तैयार करते समय आती है। इस बीमारी के प्रकोप से रोगग्रस्त पौधे का तना गलने लगता है और शीघ्र ही नष्ट हो जाता है। रोगग्रसित पौधों को जड़ सहित उखाड़ कर नष्ट कर देना चाहिये। इस रोग की रोकथाम करने के लिये 0.2 प्रतिशत कैप्टान अथवा बाविस्टीन के घोल से ड्रेंचिंग करें।

### पाउडरी मिलड्यू रोग

इस रोग से ग्रसित पौधे की पत्तियों के ऊपरी एवं निचले भागों में तथा तने पर सफेद पाउडर जमा हो जाता है। ग्रसित पौधों पर चकत्ते दिखाई देने लगते है जिसके फलस्वरूप पौधे की वृद्धि रुक जाती है और पौधा नष्ट होने लगता है। रोगग्रसित पौधों को जड़ सहित उखाड़ कर नष्ट कर देना चाहिये। इस रोग की रोकथाम के लिये घुलनशील सल्फर (सल्फेक्स) एक लीटर अथवा कैराथेन 40 ई.सी. 150 मि.ली. प्रति हैक्टेयर के हिसाब से 500 लीटर पानी में घोल बनाकर ग्रसित पौधों पर छिड़काव करें।



# चना फसल से बढ़ेगा उत्पादन

चना रबी मौसम की प्रमुख दलहनी फसल है। चने में लगने वाली इल्ली व उकठा रोग का प्रकोप इसकी उत्पादकता में प्रमुख बाधा है साथ ही कुछ क्षेत्रों में परम्परागत पुरानी किस्मों का उपयोग भी कम उत्पादकता का कारण है।

### खेत की तैयारी

खरीफ मौसम के खाली पड़े खेतों में सितम्बर में या अक्टूबर के प्रारंभ में बार-बार जुताई करें ताकि बारिश की नमी का संरक्षण हो सके। खेत से कचड़ा आदि एकत्र कर नष्ट कर देना चाहिए व पाटा लगाकर बुवाई का कार्य करें। अथवा पलेवा लगाकर बोनी करें।

**उर्वरकों का उपयोग:** दलहनी फसल होने के कारण चने को 743 कि.ग्रा. यूरिया व 373 कि.ग्रा. सिंगल सुपर फास्फेट की आवश्यकता सिंचित अवस्था में होती है एवं असिंचित अवस्था में 20 कि.ग्रा. यूरिया व 187 कि.ग्रा.फास्फेट, अंतिम जुताई से पूर्व एक कि.ग्रा. पी.एस.बी. कल्चर को 50 कि.ग्रा. गोबर की खाद में मिलाकर खेत में भुरकाव करने से अच्छे परिणाम मिलते हैं।

**उन्नतशील प्रजातियाँ:** बीज, फसल उत्पादन का महत्वपूर्ण आदान हैं। अतः बुवाई पूर्व स्वस्थ, सुडौल, रोग रहित प्रजातियों का बीज एकत्र कर रख लेना चाहिए।

**बीज दर एवं बीजोपचार :** देशी चने का 75 कि.ग्रा. जबकि बड़े आकार के काबुली चने की 125 कि.ग्रा. मात्रा प्रति हे. के मान से उपयोग करना चाहिए ताकि एक वर्गमीटर क्षेत्र में 25-30 पौधे हों। बुवाई के समय लाइन से लाइन की दूरी 30 से.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 से.मी. होना चाहिए. बोनी से पूर्व बीज को कार्बेन्डाजिम अथवा कार्बोक्सिन की 2 ग्राम मात्रा द्वारा प्रति कि.ग्रा. की दर से उपचारित करें. तत्पश्चात् राइजोबियम व पी.एस.बी. कल्चर से बीज का निवेशन करें इस हेतु 250 ग्राम गुड़ के घोल में कल्चर मिलाकर फिर बीज को उपचारित करें।

### अन्य शस्य क्रियाएं

बुवाई के 25-30 दिन बाद निंदाई कर घास निकालें. ताकि नमी का ह्रास न हो। इसी समय चने की खुटाई करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक शाखायें निकल सकें। बुवाई से पूर्व खेत में भलीभांति तय कर लें कि पर्याप्त नमी है तभी बुवाई करें। चने की फसल में 45-60 दिन के भीतर सिंचाई करें। ध्यान रहे कि फूल आते समय सिंचाई न करें। हल्की भूमि में नमी की कमी होने पर फली लगते समय भी सिंचाई की जानी चाहिए।

### कटाई, गहाई व उपज

परिपक्व अवस्था में आने पर फलियाँ सूखकर पीली पड़ती हैं एवं पत्तियाँ झड़ने लगती है। इस समय कटाई करना चाहिए। फसल की कटाई कर 2-3 दिन तक खेत में पड़ा रहने दें तत्पश्चात् गहाई करें। इस प्रकार 15-20 क्विं. किस्मों के अनुसार उत्पादन मिलता है। दानों को भलीभांति सुखाकर 8-10 प्रतिशत नमी पर भंडारित करना चाहिए।

# रबी में लगायें गेहूं





कमांड क्षेत्रों में दो फसल या आंशिक क्षेत्रों में तीन फसली कार्यक्रम के चलते आमतौर पर गेहूं की बुआई पिछड़ जाती है। पिछले 3 वर्षों से मानसून का मिजाज कुछ इस तरह बदला की खरीफ की प्रमुख फसल सोयाबीन की बुआई जुलाई की सीमा पारकर गई और उसकी कटाई में विलम्ब होने के कारण भूमि में नमी भी अपर्याप्त रह गई फलस्वरूप गेहूं की विलम्ब से बुआई करने की मजबूरी चुनौती बनकर उभरी, कपास, मिर्च, गन्ना काटने के बाद भी यही समस्या सामने रहती है। इस तरह गेहूं की पिछेती बुआई का रकबा सितंबर तक बढ़ता ही जा रहा है। उत्पादन में आंशिक फर्क ही आ पाये इस लिये पिछली गेहूं की बुआई तकनीकी का प्रार्दुभाव हुआ जिसे कृषकों को अंगीकरण करना आज की आवश्यकता बन गई है।

**बुवाई का उपयुक्त समय**
**25 दिसम्बर तक**

## किस्मों का चुनाव

पिछेती गेहूं के लिये गेहूं की किस्मों का चयन करते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए। पिछेती बुवाई के लिये उन किस्मों को बोना चाहिये जो कम समय में पकने वाली हों क्योंकि देरी से बुवाई करने पर पकते समय तापक्रम अधिक होने से पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अत: कम समय में पकने वाली किस्मों को बोने से स्थानीय तापक्रम बढ़ने से पहले पकने लग जायेगी तथा इसकी पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

पिछेती गेहूं की बुवाई के लिये कई किस्मों को बोने की सिफारिश की गई है जिनमें राज 3777, राज 3765, राज 3077, एच.डी. 2285. एन.डी.2236, राज 2184, लोक-1, जी.डब्ल्यू.173, जी. डब्ल्यू. 273, एच.आई. 8498, डी. एल. 803, डीएल 788-2, आभा, जे.डब्ल्यू 4010, एम.पी. 1202 इत्यादि.

## बीज एवं बुवाई

अधिक बीज दर रखने के कारण कतारों की दूरी कम करके 18-20 सेंटीमीटर रखना लाभदायक रहता है. पौधों के बीच की दूरी 6 से 8 सेन्टीमीटर तक रखी जाती है। परीक्षणों से ये ज्ञात हुआ है कि गेहूं की प्रचलित विधियों की अपेक्षा क्रास (आर-पार) बुवाई से उत्पादन में 4.5 क्विं./हेक्टे. वृद्धि हो जाती है। इस विधि को अपनाने पर पौधों के बीच की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है। गेहूं की अधिक पैदावार लेने के लिये बीज की मात्रा व कतारों की दूरी इस प्रकार निर्धारित करनी चाहिए कि प्रति वर्ग मीटर 400-500 बाली युक्त पौधे प्राप्त किये जा सकें। बुवाई 4-5 सेन्टीमीटर की गहराई पर करना चाहिए।



पिछेती गेहूं में 130-200 किलो यूरिया, 250-280 किलो सिंगल सुपर फास्फेट तथा 33-40 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश प्रति हैक्टेयर की आवश्यकता होती है। मिट्टी की उर्वराशक्ति तथा बोई जाने वाली किस्म की उत्पादकता तथा पिछेती गेहूं से पूर्व में ली गई फसल के अनुसार नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटाश की मात्रा कुछ घटाई-बढ़ाई जा सकती है। तापक्रम कम होने के कारण मृदा में उपस्थित फास्फोरस की उपलब्धता कम हो जाने के कारण गेहूं की प्रारंभिक बढ़वार कम होती है इसलिये पिछेती गेहूं की अच्छी उपज लेने के लिये फास्फोरस का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है. जस्ते की कमी वाले क्षेत्रों में, विशेषकर धान-गेहूं फसल पद्धति अपनाई जाती हो, बुवाई से पूर्व प्रति हेक्टेयर 25 किलो जिंक सल्फेट या 10 किलो चिलेटेड जिंक नाइट्रोजन के साथ मिला कर दें। जिन खेतों में मैंगनीज की कमी पायी जाये वहां बुवाई के समय 20 किलो मैग्नीज सल्फेट उर्वरकों के साथ ऊर कर दें. फास्फोरस तथा पोटाश की पूरी मात्रा तथा नाइट्रोजन की भारी मिट्टी में आधी तथा हल्की रेतीली मिट्टी में एक तिहाई मात्रा बुवाई के समय ऊर कर दें। भारी मिट्टी के लिये शेष आधी मात्रा पहली या दूसरी सिंचाई के साथ दें।

खड़ी फसल में नाइट्रोजन सामान्यत: पहली सिंचाई की अपेक्षा दूसरी सिंचाई के बाद देना लाभप्रद है। हल्की मिट्टी में शेष बची दो तिहाई मात्रा में से एक तिहाई पहली सिंचाई तथा एक तिहाई दूसरी सिंचाई के साथ यूरिया उर्वरक के रूप में दें। पहली सिंचाई बुवाई के 25-27 दिन बाद दें। किंतु मध्य फरवरी के बाद तापमान बढ़ जाता है व बालियां निकलने के बाद से फसल पकने तक फसल को गर्म व कुछ तेज हवाओं का सामना करना पड़ता है जिससे फसल की जल मांग भी बढ़ जाती है साथ ही दूधिया अवस्था, फूल आने की अवस्था तथा दाना सख्त होने की अवस्था सिंचाई हेतु क्रान्तिक अवस्थायें होती हैं। अत: इस समय भूमि में पर्याप्त नमी का होना अति आवश्यक है। अत: इस समय सिंचाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए अन्यथा दाना पतला पड़ जाता है फलस्वरूप उपज कम होने का भय रहता है। इन चारों अवस्थाओं के अतिरिक्त गेहूं की कल्लों के अच्छी तरह निकल जाने की अवस्था तथा तने में गांठें बनने की अवस्था भी सिंचाई की दृष्टि से क्रान्तिक अवस्थायें होती हैं। अत: इस समय भी खेत में नमी की कमी नहीं होनी चाहिए। सिंचाई हल्की करना चाहिए। विशेषकर फूल आने के बाद जिससे मार्च-अप्रैल में चलने वाली गर्म व तेज हवाओं से फसल आड़ी न गिर पाये। कुल मिलाकर पिछेती गेहूं में समय से बुवाई की अपेक्षा 1-2 अधिक सिंचाईयों की आवश्यकता होती है।



## बीजोपचार

गेहूं की फसल की बुवाई के समय 20-25 डिग्री सेल्शियस तापमान होना उपयुक्त रहता है। जिससे बीजों का अंकुरण अच्छा होता है तथा फसल का जमाव अधिक व जल्दी होता है। किंतु दिसम्बर-जनवरी माह में पिछेती गेहूं की बुवाई के समय तापमान घटकर 10 डिग्री सैल्शियस के आसपास आ जाता है जिससे बीजों का अंकुरण धीरे होता है तथा पौधों का जमाव कम व देर से होता है। अत: बीजों का जल्दी अंकुरण प्राप्त करने, अंकुरण क्षमता बढ़ाने व कम तापमान से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए उपयुक्त बीजोपचार करना चाहिए।

## बीजोपचार

परीक्षणों से पता चलता है कि 4-5 प्रतिशत पोटेशियम डाई सल्फेट या 0.1 प्रतिशत साइकोसिल या 2.5-3.0 प्रतिशत सोडियम क्लोराईड (साधारण नमक) के घोल में 18-24 घंटे डुबोकर बीज उपचार करने से न केवल बीजों के अंकुरण पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है बल्कि इससे पौधों का जमाव भी अधिक व जल्दी होता है। इसके अतिरिक्त पौधों में अधिक ठंड से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव के प्रति लड़ने की क्षमता बढ़ जाती है। उपरोक्त सभी कारणों से सामान्य बीज की अपेक्षा 2-3 क्विं. प्रति हेक्टेयर की उपज में वृद्धि होती है। बीज जनित रोगों से बचाव हेतु दो ग्राम पारद फफूंदनाशी या थायरम या दो से ढाई ग्राम मेन्कोजेब प्रति किलो बीज की दर से बीज को उपचारित कर बुवाई के काम में लें। अनावृत कण्डुआ एवं पात कण्डुआ का प्रकोप हो वहां नियंत्रण हेतु वीटावेक्स या कार्बेण्डाजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से बीज को उपचारित करें।



# द फैमिली मैन 3 में हुई जयदीप अहलावत की एंट्री?

राज और डीके द्वारा निर्मित द फैमिली मैन सबसे मनोरंजक जासूसी-एक्शन थ्रिलर में से एक है। इस सीरीज को पहले सीजन से ही पसंद किया जा रहा है। मनोज बाजपेयी की इस सीरीज में प्रियामणि, शारिब हाशमी और अन्य कलाकार भी हैं। निर्माताओं ने नागालैंड में इसके तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है।

एक रिपोर्ट के अनुसार जयदीप अहलावत द फैमिली मैन 3 सीरीज में एंट्री कर चुके हैं। एक सूत्र ने पोर्टल को मनोज बाजपेयी की सीरीज की स्टार कास्ट में जयदीप के शामिल होने की पुष्टि की है। पाताल लोक अभिनेता राज एंड डीके टीम के साथ चल रहे शूट शेड्यूल के लिए नागालैंड में हैं। हालांकि, द फैमिली मैन सीजन 3 में उनकी भूमिका के बारे में कोई जानकारी नहीं है। निर्माताओं ने उनके किरदार को गुप्त रखा है। सूत्र ने कहा कि दर्शक उम्मीद कर सकते हैं कि तीसरे सीजन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी और उनका किरदार उन्हें शो देखने के लिए उत्साहित करेगा।

इस बीच, द फैमिली मैन में जेके तलपड़े की भूमिका निभाने वाले शारिब हाशमी ने अपने प्रशंसकों को सूचित करने के लिए एक्स का सहारा लिया कि उन्होंने आगामी सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। सीजन 3 के लिए एक प्रशंसक के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए, शारिब ने ट्वीट किया, मैं भी!!! अभी शूटिंग चल रही है। इससे पहले, एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि राज और डीके द फैमिली मैन सीजन 4 को साइन करेंगे। एक सूत्र के हवाले से कहा गया था कि तीसरे सीजन की शूटिंग चल रही है, वहीं चौथे सीजन के साथ सीरीज को साइन करने के बारे में चर्चा हुई है। राज-डीके फिलहाल इस पर विचार कर रहे हैं, और अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है।



# स्टॉर्मराइडर से जैकलीन ने संगीत की दुनिया में रखा पहला कदम

जैकलीन फर्नांडीज बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। जैकलीन अभिनय से ज्यादा अपने डांस मूव्स के लिए प्रसिद्ध हैं। जैकलीन ने अपने पहले एकल स्टॉर्मराइडर के साथ संगीत की दुनिया में कदम रखा है, जिसमें उन्होंने गाने के माध्यम से अपने निजी जीवन के सफर को प्रदर्शित किया है। जैकलीन फर्नांडीज ने अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू सिंगल, स्टॉर्मराइडर की रिलीज के साथ एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं। चिट्ठियां कलाइयां, जुम्मे की रात और गेंदा फूल जैसे बॉलीवुड हिट गानों के लिए मशहूर जैकलीन ने दर्शकों का दिल हमेशा ही जीता है। उनके म्यूजिक वीडियो प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है और अब यह सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जैकलीन ने इस गाने के जरिए सिंगर के रूप में संगीत की दुनिया में कदम रखा है। सितंबर का महीना जैकलीन के लिए यादगार साबित हुआ है, क्योंकि हाल ही में उन्होंने अपनी आने वाली हॉलीवुड फिल्म किल एम ऑल के ट्रेलर की रिलीज के साथ सुर्खियां बटोरीं। अब, अपनी अंतर्राष्ट्रीय सफलताओं में इजाफा करते हुए, उन्होंने स्टॉर्मराइडर के जरिए एक गायिका के रूप में अपनी शुरुआत की। जैकलीन का यह गाना अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। अमृता सेन, जेक जियोंग (फिसन), सरबन कैजन, फीनोम और एलेक्स विंटर द्वारा निर्मित, स्टॉर्मराइडर को बेवर्ली हिल्स के मिस्ट म्यूजिक स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया था। अमृता सेन और रॉबिन ग्रुबर्ट द्वारा लिखित यह ट्रैक सशक्तिकरण, स्वतंत्रता और लचीलेपन के विषयों के माध्यम से सभी का पसंदीदा बनता जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसर, एक इंटरव्यू के दौरान जैकलीन ने अपने संगीत अपने सफर के बारे में बताते हुए जैकलीन ने कहा, जब मैंने संगीत में कदम रखा, तो यह सिर्फ गाने बनाने के बारे में नहीं था यह मेरी कहानी, भावनाओं और सफर को व्यक्त करने के बारे में है। संगीत सिर्फ आवाज से कहीं बढ़कर है। यह जुड़ाव, लचीलापन और सशक्तिकरण के बारे में है। मैंने इस गाने पर लगभग एक साल बिताया है, वीडियो में अपने हर लुक को तैयार किया है और उसे देखा है और हर लुक दमदार है, जिसके पीछे गहरा अर्थ छिपा है।



# रेस 4 में साथ काम करेंगे सैफ अली खान और सिद्धार्थ मल्होत्रा!

लोकप्रिय रेस फ्रैंचाइजी की आगामी चौथी किस्त का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के लेखक शिराज अहमद ने रेस 4 के बारे में कुछ दिलचस्प बातें बताईं। उन्होंने बताया कि फिल्म में पहली दो फिल्मों की कहानी को जारी रखा जाएगा और इसकी शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू होगी। इस फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी द्वारा किया जाएगा।

### सिद्धार्थ भी निभाएंगी अहम भूमिका

शिराज अहमद ने ही पहली तीन रेस फिल्में भी लिखी थीं। अब उन्होंने पुष्टि की कि रेस 4 की पटकथा लगभग पूरी हो चुकी है और अधिकांश कलाकारों का चयन भी हो चुका है। सैफ अली खान पहली दो फिल्मों में मुख्य भूमिका में थे, वे अब इस फ्रैंचाइजी में भी वापसी करेंगे। खबर है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा को भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि जनवरी 2025 में शूटिंग शुरू होगी। बाकी कलाकारों की घोषणा निर्माताओं और टिप्स फिल्म्स द्वारा उचित समय पर की जाएगी।

### रेस 4 के निर्देशक का चुनाव बाकी

इस फ्रैंचाइजी की पहली दो फिल्मों का निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया था, जबकि तीसरी का निर्देशन रेमो डिसूजा ने किया था। इससे पहले ऐसी खबरें थीं कि निखिल आडवाणी को फिल्म का निर्देशन करने के लिए चुना गया है। हालांकि रेस 4 के लिए निर्देशक अभी तक तय नहीं हुआ है। पहली फिल्म में सैफ अली खान और अक्षय खन्ना प्रतिद्वंद्वी भाइयों की भूमिका में थे। फिल्म में बिपाशा बसु और कैटरीना कैफ भी थीं। दूसरी फिल्म में भी सैफ अली खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन इसमें जॉन अब्राहम ने खलनायक का किरदार निभाया था।



# करीना कपूर ने की शाहिद कपूर की तारीफ



करीना कपूर ने फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। इसका जश्न मनाने के लिए उनके नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल की शुरूआत की गई है। 20 सितंबर से शुरू हुआ ये समारोह 27 सितंबर तक चलेगा, जिसमें करीना की कई फिल्मों को दिखाया जाएगा। इसी बीच, करीना कपूर ने एक हालिया साक्षात्कार में अपनी चर्चित फिल्म जब वी मेट को लेकर बातचीत की। बेबो की फिल्म जब वी मेट को रिलीज हुए 17 साल बीत चुके हैं। सोशल मीडिया पर इस फिल्म की अक्सर चर्चा होती रहती है। इसमें बेबो ने गीत का किरदार अदा किया था, जिसे लोग बहुत पंसद करते हैं। ब्रूट को दिए साक्षात्कार में करीना कपूर से इसी फिल्म को लेकर पूछा गया कि उन्हें इस फिल्म और गीत के किरदार में सबसे ज्यादा क्या पसंद है। अपने जवाब में करीना कपूर ने पलक झपकने से पहले कहा कि सब कुछ। करीना ने आगे कहा कि गीत एक महत्वाकांक्षी इंसान थीं और हर कोई उसकी तरह जीना और बनना चाहता था। मालूम हो कि करीना का किरदार एक पंजाबी लड़की का होता है, जो एक दिन ट्रेन में आदित्य नाम के बिजनेसमैन से मिलती हैं, जिसके बाद उसकी जिंदगी बदल जाती है। जब वी मेट में शाहिद कपूर ने आदित्य का रोल किया था। करीना कपूर ने इस बातचीत में शाहिद की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने फिल्म में बढ़िया काम किया। उन्होंने आगे कहा कि वाकई में शाहिद के बिना फिल्म पूरी नहीं हो पाती। करीना ने यह भी कहा कि जब हाल ही में, उन्होंने जब वी मेट देखी तो लगा कि ये बड़ी खास फिल्म है। फिल्म 2007 में रिलीज हुई थी और हिट साबित हुई थी। इसके गानों को भी लोगों ने खूब पसंद किया था।

# हनीमून फोटोग्राफर किरदार ने वास्तव में मुझे अपने पैरों पर खड़ा किया



आशा नेगी अभिनीत मर्डर मिस्ट्री सीरीज हनीमून फोटोग्राफर के निर्माताओं ने गुरुवार को इसका ट्रेलर जारी किया। ट्रेलर एक हनीमून गेटअवे के बारे में है, जो उस समय अराजकता में बदल जाता है जब दूल्हा समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। छह-एपिसोड की श्रृंखला में आशा को अंबिका नाथ की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है, जो अधीर ईरानी (साहिल सलाथिया) और जोया ईरानी (अपेक्षा पोरवाल) के लिए एक हनीमून फोटोग्राफर हैं। यह यात्रा जल्दी ही एक बुरे सपने में बदल जाती है, जब अधीर समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। अंबिका को पिछली रात की कोई याद नहीं है और अपने साथी रिहान (राजीव सिद्धार्थ) के लापता होने के कारण वह खुद को इस हत्या में मुख्य संदिग्ध पाती है। अंबिका का एकमात्र सहयोगी एल्विन (जेसन थाम) है, जो उसका दोस्त है और उसे निर्दोष साबित करने पर तुला हुआ है। अपने खुद के एजेंडे से प्रेरित होकर, पुलिसकर्मी दिव्या सावंत (संवेदना सुवालका) जांच का नेतृत्व करती है। आशा ने कहा, अपने करियर में मैंने कई भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन उनमें से ज़्यादातर रोमांटिक और पारिवारिक रही हैं। मैंने हनीमून फ़ोटोग्राफर को एक ताजी हवा के झोंके के रूप में देखा, क्योंकि शो का आधार शीर्षक से आप जो अनुमान लगाते हैं, उससे बहुत अलग है। अंबिका एक बहुत ही बहुस्तरीय चरित्र है और जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आप वास्तव में उसे विकसित होते हुए देखते हैं। इस किरदार ने मुझे वाकई चौंका दिया। शो का अपना रोमांच है, जिसमें बिल्ली और चूहे का पीछा करना और हर किरदार अपने-अपने कारणों से विजयी होने की कोशिश करना शामिल है।



# 'मानवत मर्डर्स' में रमाकांत एस कुलकर्णी की भूमिका निभाएंगे आशुतोष

सोनी लिव एक मनोरंजक क्राइम थ्रिलर सीरीज 'मानवत मर्डर्स' लेकर आ रही है। यह सीरीज 70 के दशक में देश को झकझोर देने वाली सबसे भयानक घटनाओं को दिखाएगी। आशीष बेंडे द्वारा निर्देशित इस शो में आशुतोष गोवारिकर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जो प्रतिष्ठित सीआईडी जासूस रमाकांत एस कुलकर्णी की भूमिका अदा करेंगे, जिन्हें भारत के शेरलॉक होम्स के रूप में भी जाना जाता है।

### दिल दहला देने वाली हत्याओं की गुत्थी सुलझाते दिखेंगे आशुतोष

इस सीरीज में गोवारिकर एक अनूठी भूमिका निभाते नजर आएंगे, जो शांत और संयमित होने के साथ-साथ अत्यधिक समझदार भी हैं। उनका किरदार इतिहास के कुछ सबसे जटिल मामलों को सुलझाते हुए नजर आएगा। यह सीरीज 1970 के दशक के दौरान ग्रामीण महाराष्ट्र में दिल दहला देने वाली विचित्र हत्याओं की एक सीरीज को सुलझाने के उनके प्रयासों को उजागर करेगी। आशुतोष गोवारिकर कहते हैं, 'मैं बेहद सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं कि मुझे बॉम्बे सीआईडी के पुलिस अधिकारी रमाकांत एस. कुलकर्णी का किरदार निभाने के लिए चुना गया, जो आज दर्शकों के सामने पेश किए जाने के बिल्कुल हकदार हैं। उन्होंने कई ऐसे मामलों को सुलझाया जो अनसुलझे रह जाते, जिनमें कुख्यात मानवत हत्याएं भी शामिल हैं।'

### एस कुलकर्णी के तौर तरीकों से होगा केस हल

गोवारिकर आगे कहते हैं कि उन्हें भारत के शेरलॉक होम्स के रूप में जाना जाता था। उनकी आत्मकथा, 'फुटप्रिंट्स ऑन द सैंड्स ऑफ क्राइम' ने उनके काम करने की प्रक्रिया, बारीकियां, संदिग्धों से निपटने और उनसे कबूल करवाने के तरीके और बहुत कुछ चौंकाने वाली जानकारी दी।

### को-एक्टर्स के साथ काम करके खुश हैं गोवारिकर

आशुतोष गोवारिकर ने अपने को-एक्टर्स के बारे में कहते हैं, 'इस शो का एक और रोमांचक पहलू कई वर्षों के बाद मकरंद अनासपुरे और मेरी दो पसंदीदा अभिनेत्रियों सोनाली कुलकर्णी और साई ताम्हणकर के साथ काम करना था। उनके साथ काम करना अभिनय में क्रैश कोर्स की तरह था। मैं निर्देशक आशीष के साथ जुड़ने के लिए भी उत्साहित था।'

# लव एंड के बाद इस फिल्म पर काम शुरू करेंगी आलिया



आलिया भट्ट की अगली फिल्म जिगरा जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। आलिया इन दिनों वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा की शूटिंग कर रही हैं। इसके बाद वह संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग शुरू करेंगी। लव एंड वॉर में उनके पति रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी मुख्य भूमिका में हैं। इसी बीच खबर आई है कि आलिया ने लव एंड वॉर के बाद अपनी अगली स्क्रिप्ट चुन ली है जानकारी के अनुसार लव एंड वॉर के बाद आलिया एक लव स्टोरी में नजर आएंगी।

# अनुमति के बिना शराब परोसने पर 7 गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में



आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के बाद क्षेत्र में अवैध रूप से शराब के कारोबार कर रहे कारोबारी पस्त होते दिख रहे हैं।

रविवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 शिखा ठाकुर, क्षेत्र 5 चंद्रशेखर सिंह और थाना एक्सप्रेस-वे की संयुक्त टीम ने सेक्टर 135 के ग्रीन ब्यूटी फार्म में स्थित अरोड़ा फार्म हाउस पर छापा मारकर 7 अभियुक्तों को अवैध रूप से शराब परोसने के जुर्म में गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार सेक्टर 135 के अरोड़ा फार्म हाउस में टीम द्वारा चेकिंग के दौरान पार्टी में बिना लाइसेंस अवैध रूप से शराब पड़ोसी जा रही थी। जिस पर टीम ने सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 60 बाते 63 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

मौक़े से 7 अभियुक्तों को 12 केन bee young बीयर धारिता 500 ml for sell in delhi 2 ख़ाली बोतल 8 pm black विस्की, 2 ख़ाली बोतल ब्लैक डॉग धारिता 750 ml for sell in delhi एवं 24 भरी हुई ट्यूबर्ग बीयर की केन धारिता 500 ml उत्तर प्रदेश मार्का अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया जिनमे पीटर किरहक पुत्र विमूत्स किरहक निवासी पुराना मकान नियर थापर चैंबर महारानी बाग नई दिल्ली, दीपक रावत पुत्र स्व0 हरीश रावत निवासी मकान न0 बी 5/77 रोहिणी दिल्ली , माँगते कम पुत्र माँगते एग्स्टाइन निवासी मकान न0 202 ग्राम मुनिरका नई दिल्ली , मुक्ता थापा पुत्र पुत्र ओम बहादुर थापा निवासी मकान नो0 177 एएफजे महरौली दिल्ली, आज़क काग्यक पुत्र मोबा काज़क एवं राजू थापा पुत्र ओम बहादुर थापा नवासी किलोगढ़ी गाव महारानी बाग नई दिल्ली तथा फार्महाउस के केयरटेकर अंकित पुत्र नक्षत्र पाल निवासी अरोड़ा फ़ार्म हाउस यमुना डूब क्षेत्र सेक्टर 135 शामिल हैं।

# मुठभेड़ में 25 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-39 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट



के मामले में वांछित चल रहे एक 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना सेक्टर-39 पुलिस रविवार की शाम को जीआईपी माल कट एक्सप्रेसवे के पास चैकिंग कर रही थी, तभी एक व्यक्ति सफेद रंग की स्कूटी पर सवार होकर आता हुआ दिखाई दिया पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह रुकने की बजाए भागने लगा। पीछा करके पुलिस ने उसे घेर लिया। अपने आप को पुलिस से घिरा हुआ देख बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई।

उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली अजय उर्फ रामनिवास पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी उत्तराखंड के पैर में लगी है। इसकी उम्र 39 वर्ष है। उन्होंने बताया कि उक्त बदमाश की गिरफ्तारी पर नोएडा पुलिस द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। यह थाना सेक्टर 39 में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित था। उन्होंने बताया कि इस गैंग के लोग गैंग बनाकर घरों में चोरी करते हैं। गिरफ्तार बदमाश के ऊपर पूर्व में 12 मुकदमे दर्ज हैं।

# राष्ट्रीय लोकदल की मासिक बैठक सम्पन्न

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय लोकदल की मासिक बैठक हुई। जिसमें जिला प्रभारी शिवकुमार



त्यागी, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, क्षेत्रीय महासचिव जितेंद्र सिंह मलिक आदि मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता इंद्रवीर भाटी अध्यक्ष मेरठ मंडल ने की तथा संचालन जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने किया।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार त्यागी ने संगठन को बूथ तक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील की।

अजीत सिंह दौला ने कहा कि जिले की तीनो विधानसभा पर हम बूथ लेवल तक अपने संगठन को मजबूत करेंगे। उन्होंने सभी जिले के नेताओं व कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अभी से हमें पंचायत चुनाव हो या आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटकर और एनडीए को मजबूत करना है। बैठक में दादरी विधानसभा के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह को बनाया और जेवर विधानसभा का अध्यक्ष पुष्पेंद्र शर्मा को नियुक्ति पत्र देकर नई जिम्मेदारी दी।

इस मौके पर मनवीर भाटी, हरवीर सिंह तालान, आजाद मलिक, जोगिंदर तालान, वीरेंद्र पूनिया, निशांत भाटी, मनोज चौधरी, एड सतवीर सिंह, महेश बरेला, सुशील भाटी, नीरज मुखिया, जसवीर भाटी, राजेंद्र भाटी, पवन बंसल, विनीत भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रत्येक मंडल में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान




**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा महानगर द्वारा रविवार को सभी मंडलों में सदस्यता कैंप आयोजित कर भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाए गए।

जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि अब तक नोएडा महानगर में 55000 से अधिक सदस्य बन गए है। पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। महाराणा प्रताप मंडल में ग्राम निठारी में आयोजित सदस्यता कैम्प पर जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महिला आयोग सदस्य श्रीमती मीनाक्षी भराला एवं पूर्व विधायक नवाब सिंह नागर ने स्थानीय निवासियों को पार्टी की सदस्यता दिलवाई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़, प्रदीप चौहान, सत्यनारायण महावार, पंकज झा, लोकेश कश्यप, रवि प्रधान, संजय बाली, निर्मल सिंह, प्रज्ञा पाठक, उमेश यादव, मधु मेहरा, संजय बैसला,अमित नागपाल, नीरज चौहान, गोविंद कोरंगा, मदन राय, सुनील शर्मा, परविंदर बैरागी, संदीप अम्बावाता, सरिता, रवि अग्रवाल, संजय शर्मा उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 26 अक्टूबर को

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** आगामी 26 और 27 अक्टूबर को होने वाले ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए गाजियाबाद के विजयनगर में स्थित जीकेजी इंटरनेशनल स्कूल में फोटो सेशन का आयोजन किया गया। परिचय सम्मेलन की पत्रिका के लिए सभी पदाधिकारियों के ग्रुप फोटो लिए।

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा फोटो सेशन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि आगामी 26 और 27 अक्टूबर को ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन के लिए एक पत्रिका संस्था द्वारा निकाली जाएगी। इस पत्रिका में सभी पदाधिकारियों तथा विवाह योग्य युवक व युवतियों के फोटो व संपूर्ण बायोडाटा छपवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिचय सम्मेलन का उद्देश्य विवाह योग्य ब्राह्मण समाज के युवक व युवतियों को एक बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का है। सम्मेलन के माध्यम से विवाह योग्य युवक एवं युवतियों का परिचय कराया जायेगा।

कार्यक्रम के पश्चात पंडित पीतांबर शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ भोपुरा मोड पुलिस चौकी के सामने आयोजित पितृ कथा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। पितृ कथा में हिस्सा लेने के पश्चात उन्होंने दूधेश्वर नाथ मंदिर में भी दर्शन किए।



प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने आर.वी. नॉर्थलैंड स्कूल में हो रहे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बच्चों के खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। उन्होंने प्रतियोगी छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद गोपाल दत्त शर्मा, हिमांशु शर्मा, परमानंद शर्मा, रामकुमार शर्मा, निशांत शर्मा, रामवीर शर्मा, आलोक शर्मा, अमित शर्मा, समीर शर्मा, विजेंद्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# फोटो जर्नलिस्टों ने सीखी कैमरा संचालन की बारीकियां

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा मीडिया क्लब और निकोन इंडिया के संयुक्त सहयोग से



नोएडा मीडिया क्लब कार्यालय, गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-29 में एक विशेष कैमरा सर्विस और वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली-एनसीआर के 80 से अधिक फोटो जर्नलिस्टों ने हिस्सा लिया। निकोन इंडिया की तरफ से आयोजित इस वर्कशॉप का उद्देश्य फोटोग्राफरों को नई कैमरा तकनीकों से अवगत कराना और उनके उपकरणों की सर्विस करना था।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने नई कैमरा तकनीकों, लो-लाइट और डे-लाइट में फोटोग्राफी की बारीकियों पर विशेष ध्यान दिया। फोटो जर्नलिस्टों को विभिन्न परिस्थितियों में कैमरे का उपयोग करने के तरीके और नए फीचर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित फोटो जर्नलिस्टों के कैमरों की सर्विस की गई और छोटी-मोटी तकनीकी समस्याओं का समाधान भी किया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ फोटो पत्रकार सुशील कुमार, शेखर घोष, वीरेंद्र सिंह गोसाई, प्रेम सिंह यूएनआई, प्रदीप गौड़, श्रीकांत सिंह एएनआई, देवदत्त शर्मा, अंजना भागी, नीलम भागी, ए.के लाल, संगीता चौधरी, अमित शुक्ला, हिमांशु सिंह, मनोहर त्यागी, सुनील घोष, प्रमोद शर्मा, रमेश शर्मा, रवि यादव, के आशिफ, ईश्वर चन्द, सौरभ राय, रिंकू यादव, हरवीर चौहान, आदि मौजूद रहे।

# 29 को विश्वभारती के पूर्व छात्रों का होगा समागम



**नोएडा ( चेतना मंच )।** 29 सितंबर को सेक्टर-12 स्थित भावराऊ देवरस सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती के पूर्व छात्रों एवं का एक सम्मेलन होगा। यह जानकारी विद्याभारती पूर्व छात्र परिषद के क्षेत्रीय संयोजक संजय गर्ग ने दी।

इस मौके पर डॉ यशवर्धन वार्ष्णेय (कार्यक्रम संयोजक), तपेश चौधरी (कार्यक्रम उपाध्यक्ष), गौरव मिश्रा (कार्यक्रम सहसंयोजक), हरीश वर्मा (कार्यक्रम सहसंयोजक) सोमगिरि गोस्वामी (प्रधानाचार्य, भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर ), प्रियांशु कुमार (प्रांतीय संयोजक, उत्तराखंड प्रांत) की उपस्थिति रही। यशवर्धन ने बताया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्या भारती के पूर्व छात्र जो दिल्ली एनसीआर में रह रहे हैं उन्हें एक साथ जोड़ना और उनके माध्यम से समाज में कुछ सेवा कार्य करवाना है। इसीलिए इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्या भारती के सभी पूर्व छात्रों का आह्वान है कि वे सभी इस कार्यक्रम में आए और समाज में अपने योगदान को बताएं।

29 सितंबर को होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर विवेक माथुर (डीआईजी, गृह मंत्रालय भारत सरकार) शैलेश कुमार आईएएस (उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण) डॉक्टर हृदयेश कठेरिया एडीडीसीपी (सेंट्रल नोएडा), डॉ आदित्य गुप्ता (प्रोफेसर दिल्ली यूनिवर्सिटी), अमित गर्ग (एंकर न्यूज़ 18) श्रीमती प्योधि शशि (एंकर न्यूज़ नेशन) एवं डोमेश्वर साहू (क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश) आदि मौजूद रहे।